CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# दैनिक मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com

मो. 9653906665

अंक 02/115 | जयपुर | 14 मई /2025 | बुधवार | मूल्य: रु 5 | पृष्ठ: 04



## मोदी बोले-हर आतंकी हमले का जवाब अपनी शर्तों पर देंगे

# पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां आतंकी चैन से रह सकें; घर में घुसकर मारेंगे

### पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां आतंकी चैन से रह सकें, घर में घुसकर मारेंगे


एजेंसी

**जालंधर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया।

मोदी ने कहा, 'भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा- विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी।'

पीएम ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर कोई सामान्य सैन्य अभियान नहीं, ये भारत की नीति-नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। भारत बुद्ध की भी धरती है और गुरु गोविंद की भी धरती है। गुरु गोविंद सिंह जी ने कहा था कि

सवा लाख से एक लड़ाऊं,
चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं,
तब गोविंद सिंह नाम कहाऊं।



### न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग भारत नहीं सहेगा

पाकिस्तान के ड्रोन, उसके यूएवी, एयरक्राफ्ट, मिसाइलें हमारे सशक्त एयर डिफेंस के सामने ढेर हो गए। मैं देश के सभी एयरबेस से जुड़ी लीडरशिप, एयर वॉरियर की हृदय से सराहना करता हूं। आपने वाकई बहुत शानदार काम किया है। आतंक के विरुद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है कि अब टेरर अटैक हुआ तो भारत देगा और पक्का जवाब देगा। सर्जिकल स्ट्राइक में देखा, एयरस्ट्राइक में देखा और अब ऑपरेशन सिंदूर भारत का न्यू नॉर्मल है। कल भी कहा था कि भारत ने अब तीन सूत्र तय कर दिए है।

**पहला:** भारत पर आतंकी हमला हुआ तो अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर, अपने समय पर जवाब देंगे।

**दूसरा:** कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग भारत नहीं सहेगा।

**तीसरा:** हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। दुनिया भी भारत की नई व्यवस्था को समझते हुए आगे बढ़ रही है।

जब हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर छीना गया तो हमने आतंकवादियों के फन को उनके घर में घुसकर कुचल दिया। वो कायरों की तरह छिपकर आए, लेकिन भूल गए कि जिन्हें ललकारा है, वो हिंद की सेना है।

आपने उन्हें सामने से हमलाकर मारा, आपने आतंक के तमाम बड़े अड्डों को मिट्टी में मिला दिया। 9 आतंकी ठिकाने बर्बाद हुए, 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई। आतंक के आकाओं को समझ में आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का एक ही अंजाम होगा- तबाही।

### एयर डिफेंस सिस्टम का जिक्र, कहा- मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान

यह अब भारतीय सेनाओं के मजबूत स्वरूप की पहचान है। ऑपरेशन सिंदूर में मैन पावर के साथ ही मशीन का कोऑर्डिनेशन भी अद्भुत रहा है। भारत के पारंपरिक एयर डिफेंस सिस्टम, आकाश जैसे मेड इन इंडिया प्लेटफॉर्म, एस-400 जैसे आधुनिक डिफेंस सिस्टम ने अभूतपूर्व मजबूती दी है। एक मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान बन चुका है। पाकिस्तान की लाख कोशिश के बाद भी हमारे एयरबेस हों या डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर, उन पर आंच तक नहीं आई। इसका श्रेय आप सभी को जाता है।

### वायुसेना की तारीफ, कहा- आप दुनिया में बेहतरीन

आज हमारे पास नई टेक्नोलॉजी का सामर्थ्य है, जिसका पाकिस्तान सामना नहीं कर सकता है। एयरफोर्स सहित सभी सेनाओं के पास दुनिया की श्रेष्ठ तकनीक पहुंची है, नई टेक्नोलॉजी के साथ चुनौतियां भी उतनी बड़ी होती हैं। कॉम्प्लिकेटेड और सोफेस्टिकेटेड सिस्टम को मेंटेन करना और एफिशिएंसी के साथ चलाना स्किल है। आपने सिद्ध कर दिया है कि आप इस गेम में दुनिया में बेहतरीन हैं। भारत की वायुसेना सिर्फ हथियारों से ही नहीं, डेटा और ड्रोन से भी दुश्मन को छकाने में माहिर हो गई है।

### पाकिस्तान को धमकी, कहा- दुश्मन को मिट्टी में मिलाना जानते हैं

पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने सिर्फ अपनी सैन्य कार्रवाई को स्थगित किया है। अगर पाकिस्तान ने फिर से आतंकी गतिविधि या सैन्य दुस्साहस दिखाया तो हम उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे। यह जवाब अपनी शर्तों पर, अपने तरीके से होगा। इस निर्णय की आधारशिला, इसके पीछे छिपा विश्वास, आपका धैर्य, शौर्य, साहस और सजगता है। आपका हौसला, ये जुनून, ये जज्बा ऐसे ही बरकरार रखना है। हमें लगातार मुस्तैद रहना है। हमें तैयार रहना है। हमें दुश्मन को याद दिलाते रहना है कि ये नया भारत है, ये शांति चाहता है, लेकिन मानवता पर हमला होता है तो भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी अच्छी तरह जानता है।

# भारत की एयरस्ट्राइक में कई पाकिस्तानी एयरबेस तबाह हुए थे

नई दिल्ली।

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह किए थे। प्राइवेट कंपनी मक्सर के सैटेलाइट ने इन तबाह एयरबेस की फोटोज जारी की हैं। मक्सर ने पाकिस्तान के जिनकी फोटोज जारी की हैं, उनमें सरगोधा, नूर खान, भोलारी और सुक्कुर के एयरबेस हैं। फोटोज में साफ देखा जा सकता है कि हमले के पहले और बाद में वहां क्या स्थिति थी।

इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के शोपियां में लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकी मारे गए। मंगलवार को शाम 4.30 बजे मुठभेड़ खत्म हुई। इसे ऑपरेशन केलर नाम दिया गया था। शुकरू के जंगली इलाकों में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। उन्होंने एयरबेस पर जवानों से मुलाकात की। पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस को निशाना बनाया है।

7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बाद पाकिस्तानी गोलाबारी में आर्मी के 6 और BSF के 2 जवान शहीद हो चुके हैं, 59 घायल हैं। इसके अलावा 28 सिविलियंस की भी जान गई है।

भारत ने पाकिस्तान के अफसर को पर्सोना नॉन ग्राटा (देश छोड़कर जाना) घोषित किया है। ये अफसर फिलहाल भारत स्थित पाकिस्तान हाई कमीशन में तैनात हैं। भारत ने इन अफसर को 24 घंटे के भीतर देश छोड़कर जाने को कहा है। भारत की तरफ से कहा है कि अफसर की एक्टिविटीज देखते हुए उनका ऑफिशियल स्टेटस बरकरार नहीं रखा जा सकता। भारतीय एयरस्ट्राइक में पाकिस्तान का भोलारी एयरबेस (सिंध प्रांत का जमशोरो जिला) भी तबाह हुआ था। प्राइवेट कंपनी मक्सर के सैटेलाइट ने इमेज जारी की हैं। प्राइवेट सैटेलाइट कंपनी मक्सर ने भारत की एयर स्ट्राइक से तबाह हुए सुक्कुर में पाकिस्तानी एयरबेस की फोटो जारी की हैं। पहली फोटो हमले के पहले की है, दूसरी फोटो अटैक के बाद की है।




### उधमपुर और कठुआ में कल स्कूल खुलेंगे, 4 जिलों में बंद रहेंगे

जम्मू कश्मीर के उधमपुर और बानी, कठुआ के बशोली, महानपुर, भद्दू, मल्हार और बिलावर में सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल कल यानी 14 मई को खुल जाएंगे। जम्मू, राजौरी, पुंछ और सांबा में कल स्कूल बंद रहेंगे। दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने कई प्रमुख देशों के डिफेंस अटैचेस को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इनमें स्वीडन, नेपाल, फिलीपींस, मिस्र समेत 70 देशों के डिफेंस अटैचेस शामिल रहे। यह ब्रीफिंग करीब 30 मिनट तक चली।

# अमेरिका-सऊदी अरब में 12.1 लाख करोड़ की डिफेंस डील

### यूएस ने इतिहास का सबसे बड़ा समझौता बताया, ट्रम्प का राष्ट्रपति बनने के बाद पहला विदेशी दौरा

रियाद।

अमेरिका और सऊदी अरब ने मंगलवार को 142 बिलियन डॉलर (12.1 लाख करोड़ रुपए) की डिफेंस डील पर साइन किए। व्हाइट हाउस ने इसे इतिहास की सबसे बड़ी डिफेंस डील बताया है।

इस समझौते में सऊदी अरब को ष्ट-130 ट्रांसपोर्ट विमान, मिसाइलें, रडार सिस्टम और कई एडवांस हथियार दिए जाएंगे। ये लॉकहीड मार्टिन, बोइंग, और नॉर्थरॉप ग्रुम्मन जैसी अमेरिकी कंपनियों से मिलेंगे।

डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले आधिकारिक विदेश दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे। वे चार दिन के मिडिल ईस्ट दौरे पर पहले सऊदी अरब पहुंचे हैं, फिर कतर और॰श्व जाएंगे।

ट्रम्प ने सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित किया

क्राउन प्रिंस MBS से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने रियाद में सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सऊदी और अमेरिका के बीच 80 साल की साझेदारी का जिक्र किया। ट्रम्प ने MBS की तारीफ करते हुए कहा कि आपने आलोचकों को पूरी तरह चुप कर दिया।

### सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम से ट्रम्प के भाषण की 5 प्रमुख बातें...

1. ट्रम्प ने फोरम के मंच से घोषणा की कि वह सीरिया से लगे प्रतिबंध हटा रहे हैं, ताकि देश को समृद्ध बनने का मिल सके।
2. ट्रम्प ने कहा वो ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनका प्रस्ताव ठुकराया गया तो वो ईरान का ऑयल एक्सपोर्ट जीरो कर देंगे।
3. ट्रम्प ने कहा- उन्हें उम्मीद है कि सऊदी अरब भी अब्राहम अकॉर्ड में शामिल होगा। यह समझौता 2020 में अमेरिकी की मध्यस्थता में इजराइल, UAE, बहरीन, सूडान और मोरक्को के बीच हुआ था।
4. इजराइल-गाजा वॉर को लेकर ट्रम्प ने कहा कि गाजा के लोग बेहतर भविष्य के हकदार हैं, लेकिन ऐसा तब तक नहीं होगा जब तक उनके नेता निर्दोष लोगों पर अत्याचार बंद नहीं करते।
5. सऊदी के साथ 142 अरब डॉलर के डिफेंस समझौते को लेकर ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और सऊदी अपने संबंधों को पहले से मजबूत करने के लिए कदम उठा रहे हैं।

## विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प के दावे खारिज किए : कहा-

# कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं

### ट्रेड रोकने की धमकी पर सीजफायर नहीं किया



**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे। विदेश मंत्रालय ने भारत-पाक के बीच सीजफायर की घोषणा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता और सीजफायर का क्रेडिट लेने के दावों को भी नकार दिया।

### कश्मीर पर मध्यस्थता

विदेश मंत्रालय ने कहा जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष की दखलंदाजी मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। इसमें कोई बदलाव नहीं है। लंबित मामला सिर्फ पीओके पर कब्जा करने का है। इसी पर बात होगी।

**डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था :** ट्रम्प ने 11 मई को कहा था, मैं दोनों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या हजार साल बाद कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है।

### सीजफायर नहीं तो ट्रेड बंद

विदेश मंत्रालय ने कहा : 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत होती रही। किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।

**डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था :** अमेरिकी राष्ट्रपति ने 12 मई को दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से कहा कि अगर वे युद्धविराम पर सहमत होते हैं तो अमेरिका उन्हें व्यापार में मदद करेगा। अगर नहीं मानते हैं तो उनके साथ कोई व्यापार नहीं होगा। इसके बाद दोनों देश सीजफायर पर सहमत हो गए थे।

### जम्मू-कश्मीर में लश्कर के 3 आतंकी ढेर

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकी मारे गए। शाम 4.30 बजे मुठभेड़ खत्म हुई। इसे ऑपरेशन केलर नाम दिया गया था। शुकरू के जंगली इलाकों में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी।

### जैसलमेर में भी पाकिस्तानी सिम बैन

**जयपुर।** भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे जिलों में मंगलवार को जन-जीवन सामान्य हो गया। बाजार पहले की तरह ही खुले और बंद हुए। श्रीगंगानगर के बाद जैसलमेर में भी पाकिस्तानी लोकल सिम के उपयोग पर रोक लगा दी गई है।

# शेरनी 'तारा' के शावक की मौत

### जन्म के बाद से ही हालत गंभीर बनी हुई, 7 दिन बाद दम तोड़ा

एजेंसी

**जयपुर।** जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में एशियाटिक शेरनी 'तारा' के दो शावकों में से एक की मौत हो गई है। अब पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। दरअसल, 6 मई को शेरनी 'तारा' ने दो शावकों को जन्म दिया था। जन्म के बाद से ही एक शावक की हालत गंभीर बनी हुई थी। शेरनी तारा ने दोनों शावकों को जन्म के बाद दूध नहीं पिलाया था। इससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया। शेरनी के इस असामान्य व्यवहार को देखते हुए पार्क प्रशासन ने दोनों शावकों को तुरंत रेस्क्यू सेंटर के नियोनेटल केयर यूनिट में शिफ्ट किया। नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क के सीनियर डॉक्टर अरविंद माथुर ने बताया कि अल सुबह 3 बजकर 50 मिनट पर तारा के मादा शावक की मौत हुई है। उसे बचाने के किए काफी प्रयास किए गए। अल सुबह उसने दम तोड़ दिया। अब पोस्टमार्टम के बाद शावक का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# सीबीएसई बोर्ड 10वीं-12वीं का रिजल्ट जारी

### 10वीं में 93.60 व 12वीं में 88.39 प्रतिशत पास

एजेन्सी

**नई दिल्ली।** सीबीएसई यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। 10वीं में 93.60 प्रतिशत और 12वीं में 88.39 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए। इस साल 10वीं और 12वीं के करीब 44 लाख स्टूडेंट्स ने बोर्ड एग्जाम्स दिए थे।

### 10वीं-12वीं में लड़कों से आगे लड़कियां

रिजल्ट में लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से बेहतर रहा है। 10वीं लड़कियों का रिजल्ट 95.0 प्रतिशत, जबकि लड़कों का रिजल्ट 92.63 प्रतिशत रहा है। लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से 2.37 प्रतिशत बेहतर रहा है। 12वीं में लड़कियों का रिजल्ट 91.64 प्रतिशत और लड़कों का रिजल्ट 85.70 प्रतिशत रहा है। यानी दोनों क्लासेज में लड़कियों ने बाजी मारी है।

## बजट 2025-26 की समीक्षा बैठक : बजटीय घोषणा को पूरा करने के लिए अधिकारी बनाएं टाइमलाइन

# सरकार युवाओं को दे रही रोजगार के पर्याप्त अवसर : भजनलाल शर्मा

एजेंसी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट की प्रत्येक घोषणा को पूरा करने के लिए अधिकारी टाइमलाइन बनाते हुए काम करें। अधिकारी उसी तय सीमा में काम को पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 2047 तक विकसित राजस्थान के संकल्प को ध्यान में रखते हुए अपने प्रत्येक बजट में राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए विभिन्न प्रावधान किए हैं। हम प्रदेश के युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर, सशक्त एवं खुशहाल बनाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बजटीय घोषणाओं की प्रगति का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित कर रही है, जिससे जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे।



### राज्य सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों में श्री अन्न को करें शामिल

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री अन्न को राज्य सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल किया जाए जिससे इसके उपयोग को प्रोत्साहन मिले। उन्होंने कहा कि श्री अन्न की पोषण क्षमता एवं उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए मिड-डे मील तथा मां बाडी केन्द्रों पर पायलट बेसिस पर श्री अन्न आधारित उत्पाद शुरू किए जाएं जिससे बच्चों में सुपोषण तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि हो।

### वन कार्मिक, पटवारी, स्कूल शिक्षक तथा कांस्टेबल के पदों पर भर्ती शीघ्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि राज्य के युवाओं को रोजगार मिले। इस दिशा में लगभग 1 लाख 88 हजार सरकारी पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं की सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण पहुंच सुनिश्चित कर रही है। इसी क्रम में शीघ्र ही वन विभाग में विभिन्न कार्मिकों, पटवारी, स्कूल शिक्षक तथा कांस्टेबल के पदों पर भर्ती की जाएगी। कार्मिक विभाग द्वारा इस संबंध में अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी आयोजनों में स्वयं सहायता समूह तथा राजीविका की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को उपयोग में लाया जाए जिससे न केवल उन उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि उनकी आय में वृद्धि भी होगी। शर्मा ने अधिकारियों को श्री अन्न के मार्केटिंग, उत्पादन तथा प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक समिति बनाने के भी निर्देश दिए।

### चिकित्सालयों में लगाए जाएंगे हॉस्पिटल मैनेजर

शर्मा ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों सहित सभी चिकित्सा संस्थानों में बेहतर प्रशासनिक प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए हॉस्पिटल मैनेजर का पद सृजित किया जाएगा। विभाग में कार्यरत चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण दिया जाए जिससे उनकी प्रबंधन दक्षताओं में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि मां योजना तथा आरजीएचएस पोर्टल को इंटीग्रेटेड हैल्थ मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत इंटीग्रेट किया जाए। साथ ही, स्वास्थ्य शिविर लगाकर ई-हैल्थ रिकॉर्ड के कार्य में गति लाई जाए।

शर्मा ने कहा कि बजटीय घोषणाओं की स्पष्ट कार्ययोजना बनाई जाए जिससे तय समयसीमा में घोषणाएं धरातल पर उतर सकें। उन्होंने कहा कि विभाग अपनी बजटीय घोषणाओं की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर उनकी नियमित समीक्षा करें। साथ ही, जिन विभागों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है उनके कार्य में तेजी लाई जाए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में रोजगार के अवसरों का सृजन करने के साथ सर्विस सेक्टर में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर पॉलिसी लाई जाएगी। साथ ही, राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी लाकर राज्य में ट्रेडिंग सेक्टर का विकास एवं संवर्धन किया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने सर्कुलर इकोनॉमी के व्यापक प्रसार, ई-बस सेवा, प्रस्तावित एमनेस्टी स्कीम, राजस्थान व्हीकल स्क्रैप पॉलिसी, घरेलू उपभोक्ताओं को पाइप्ड गैस सप्लाई से जोड़ने की प्रक्रिया को गति देने सहित विभिन्न बजटीय घोषणाओं की प्रगति पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जल संसाधन, उद्योग, नगरीय विकास, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, नागरिक उड्डयन, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त, वन, पर्यावरण, ग्रामीण विकास, राजस्व, स्वायत्त शासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कार्मिक, स्कूल शिक्षा, सार्वजनिक निर्माण विभाग जैसे प्रमुख विभागों की बजटीय घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा की।

## जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

# अधिकारी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करते हुए बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध करें- प्रभारी मंत्री

मरुधर विशेष



**संवाददाता सलीम खान डीग,** - जल संसाधन एवं जल संसाधन (आयोजना) विभाग मंत्री एवं प्रभारी मंत्री भरतपुर व डीग सुरेश सिंह रावत ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को गति देने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए भूमि आवंटन, डीपीआर, टैंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करते हुये विकास कार्यों को समय पर पूरा करें जिससे विकास कार्यों का लाभ आमजन को समयबद्ध मिल सके। उन्होंने निर्देशित किया कि बजट घोषणा 2025-26 में जिले के संबंध में की गई घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक व भविष्य में सुगमता को देखते हुए उपयुक्त भूमि का चिन्हीकरण करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने यह बात मंगलवार को पंचायत समिति सभागार डीग में बजट घोषणाओं 2024-25 एवं 2025-26 के संबंध में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। इस दौरान डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह, कामां विधायक नौक्षम चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

अंजारी डंगीका डीग एवं सेमली नगर में 132 केवी जीएसएस कार्य के लिए सिविल तथा इलेक्ट्रिकल कार्य हेतु कार्यादेश जारी

बैठक में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने पीपीटी के माध्यम से बजट घोषणा 2024-25 एवं 2025-26 के तहत अब तक हुए कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीग-कुम्हेर-भरतपुर में सांवई खेड़ा डिप्रेशन से गोवर्धन ड्रेन तक पानी लिफ्टिंग कार्य की दिनांक 7 मार्च 2025 को कार्यादेश राशि 545.66 लाख रुपए जारी किया गया है। 2700 मीटर के विरुद्ध 2250 मीटर पाइपलाइन डालने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पंप हाउस निर्माण के स्थान तक पहुंच मार्ग का कार्य प्रगति पर है एवं पंप हाउस के लिए बिजली कनेक्शन का कार्य प्रक्रियाधीन है। रसिया डीग में 33 केवी जीएसएस का कार्यादेश जारी करने के साथ ही कार्य प्रारंभ हो चुका है। 33 केवी लाइन तथा सब स्टेशन के पोल खड़े किए जा चुके हैं। लाइन का कार्य प्रगति पर है। 11 केवी के तीन फीडरों में से एक फीडर की लाइन खींची जा चुकी है। शेष 11 केवी फीडरों का कार्य प्रगतिरत है। इसी प्रकार सिरथला एवं जयश्री 33 केवी जीएसएस के तहत दोनों सबस्टेशन के लिए कार्यादेश जारी करने के पश्चात कार्य प्रारंभ हो चुका है। अंजारी डंगीका डीग एवं सेमली नगर में 132 केवी जीएसएस के संबंध में सिविल तथा इलेक्ट्रिकल कार्य के लिए कार्यादेश जारी हो चुके हैं तथा केवी लाइन का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

### अगले माह तक पूर्ण किया जाएगा महिलाओं के लिए बायो टायलेट कॉम्प्लेक्स

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत पसोपा नगर में देवनारायण आवासीय विद्यालय को लेकर बताया गया कि 2 मई 2025 को एनआईटी की प्रक्रिया पूर्ण की गई जिस पर प्रभारी मंत्री ने अधिक समय लगने का कारण पूछा। यह बताया गया की 15 जून तक आवासीय विद्यालय के लिए कार्यादेश जारी कर दिए जाएंगे जिसके बाद कार्य में गति आएगी। डीग बाईपास को लेकर एसआईए की समिति के पश्चात अनुमोदन के लिए फाइल जयपुर भेजी गई है। श्री रावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि फाइल जयपुर अटकी हो तो वह स्थानीय जनप्रतिनिधि या प्रभारी मंत्री को सूचित करें ताकि तत्काल ही कार्य को आगे बढ़ाया जा सके। बजट में प्रदेश के समस्त नगरीय क्षेत्र के बाजारों एवं सामूहिक स्थानों में महिलाओं के लिए चरणबद्ध रूप से पिंक टॉयलेट परिसर स्थापित करने के लिए 14 करोड रुपए का व्यय किया गया था। इस संदर्भ में नगर परिषद डीग द्वारा अवगत कराया गया की बायो पिंक टॉयलेट का कार्यरूप पूर्ण हो गया है एवं अगले माह तक कार्य पूर्ण हो जाएगा।

### 2025-26 बजट घोषणाओं के कार्यों के लिए किया जा रहा है भूमि आवंटन

इसी क्रम में 2025-26 बजट घोषणाओं के तहत जालूकी नगर में कनिष्ठ अभियंता (विद्युत) कार्यालय स्थापना, लहरवाडा 33/11 केवी जीएसएस, बडेसरा मौरोली 33/11 जीएसएस, नवीन महाविद्यालय कुम्हेर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परमदरा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेलक के लिए भूमि आवंटन किया जा चुका है। 21 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से खोह से उत्तर प्रदेश सीमा बरसाना वाया सेऊ, धमारी, नाहराचौथ डीग सड़क निर्माण कार्य के लिए एनआईटी लगा दी गई है। इसी प्रकार 50 करोड़ की लागत से बासबुर्जा से डीग सड़क वाया गोविंदगढ़, पड़लवास, ककड़ा, पान्हौरी सड़क निर्माण के लिए भी एनआईटी लग चुकी है।

### रूरल टूरिज्म के तहत पर्यटकों को ग्रामीण खान-पान, जीवन शैली एवं परंपराओं से किया जाए अवगत

प्रभारी मंत्री ने बरौली धाऊ में रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों से कहा कि वह गांव में कुछ घरों को चिन्हित करें ताकि बरौली धाऊ में आने वाले विदेशी पर्यटक एवं शहरों के पर्यटक गांव में रहने वाले लोगों के खान-पान, जीवन शैली, ग्रामीण परंपराओं आदि से परिचित होकर भारतीय संस्कृति से जुड़ सके। साइबर क्राइम को लेकर प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया की पुलिस विभाग सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाएं एवं लोगों को साइबर क्राइम से बचाव हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें।

### अधिकारी बनाएंगे प्रत्येक गांव की जलस्रोत की रिपोर्ट

पेयजल को लेकर उन्होंने जिले में ट्यूबवेल, हैंडपंप तथा विभिन्न क्षेत्रों में संचालित टैंकर की संख्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले के 656 गांव से यह रिपोर्ट तैयार की जाए कि प्रत्येक गांव को किस स्रोत के माध्यम से पेयजल पहुंचाया जा रहा है। यदि टैंकर की आवश्यकता है तो जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने टैंकर की मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए हैं। श्री रावत ने कहा की अधिकारी आमजन एवं भामाशाह को प्रेरित करें ताकि गांव-गांव में भी प्याऊ लगाया जाए। प्याऊ लगाने वालों को सार्वजनिक मंच पर सम्मानित करने की भी बात कही गई। उन्होंने कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वह खुद फील्ड में उतरकर या देखें की कहां-कहां पानी पहुंच रहा है। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों के संबंध में उन्होंने कहा कि सड़क समय से पहले खराब हो जाते हैं। उन्होंने नागौर के तर्ज पर मनरेगा कार्मिकों से सड़क निर्माण की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कम लागत में सड़क निर्माण कार्य किया जा सकेगा।

# चिकित्सा संस्थानों में अनीमिया मुक्त राजस्थान "शक्ति दिवस" मनाया

## बीसीएमओ ने किया चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

मरुधर विशेष

**कोटपूतली (सीताराम गुप्ता)** बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को अनीमिया मुक्त राजस्थान "शक्ति दिवस" मनाया गया। शक्ति दिवस का आयोजन प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वा0 केन्द्रो, हैल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, सीएचसी, पीएचसी व राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर किया जाता है। बीसीएमओ ने मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परम धनम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भालोजी, शहरी पीएचसी नागाजी की गौर समेत विभिन्न उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने हीटवेव व लू तापघात एवं मौसमी बीमीरियों को देखते हुये स्वास्थ्य केन्द्रों पर आगामी 03 माह का दवाईयों का स्टॉक रखने एवं रिकॉर्ड संधारण करने व नियर एक्सपायरी दवाईयों का समय पर नियमानुसार निस्तारण करने के



निर्देश दिये। साथ ही अनीमिया मुक्त राजस्थान "शक्ति दिवस" अभियान का निरीक्षण करते हुये कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अनीमिया की पहचान प्रारम्भिक अवस्था में कर अनीमिया की दर को कम करना है। शक्ति दिवस पर अनीमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जाँच व अनीमिया का उपचार, आयरन की टेबलेट्स का वितरण एवं अनीमिया संबंधी जागरूकता तथा व्यवहार परिवर्तन हेतु गतिविधियां आयोजित की गई। बीसीएमओ ने एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत दवाईयों की उपलब्धता एवं रिपोर्टिंग आदि की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा



कि स्वास्थ्यकर्मी मौसमी बीमारियों व हीटवेव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। चिकित्सा संस्थान पर गणवेश एवं आईडी कार्ड के समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। वार्डो में मरीजों के लिये पंखा, वाटर कूलर, एयर कूलर, बिजली, पानी, मरीजों के बैठने की माकूल व्यवस्था की जांच की। साथ ही एमएनडीवाई स्टोर की जांच करते हुये तीन माह का पर्याप्त दवाईयों का स्टॉक है की जानकारी ली। साथ ही मरीजों एवं परिजनों को समझाते हुये बीसीएमओ ने कहा कि नंगे पैर बाहर न निकले, उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचे और बासी भोजन न खाए, दोपहर में बाहर निकलने पर ज्यादा मेहनत करने वाली गतिविधियों से बचे, धूप में बाहर निकलने से बचे, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच। बच्चों या पालतू जानवरो को पार्क किए गए वाहन में न छोडे। वाहन के अन्दर का तापमान खतरनाक स्थिति में हो सकता है। अत्यधिक गर्मी के दौरान खाना पकाने से बचे। खाना पकाने के क्षेत्र में पर्याप्त रूप से हवादार करने के लिए दरवाजे और खिड़कियां खोले। शराब, चाय, कॉफी व कार्बोनेटेड शीतल पेय या अधिक मात्रा में चीनी वाले पेय से बचें क्योंकि ये वास्तव में शरीर के अधिक तरल पदार्थ को खो देते है या पेट में ऐंठन पैदा कर सकते है। बीसीएमओ के निर्देश पर बीपीओ विजय तिवाड़ी ने उप स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुरा, मोहनपुरा, कंवरपुरा, सांगटेडा, मोलाहेड़ा, पूतली आदि का निरीक्षण कर अनीमिया मुक्त राजस्थान "शक्ति दिवस" की समीक्षा की।

## निजी शिक्षा जगत के भीष्म पितामह डॉ.एमपी खुराना की पांचवीं पुण्य तिथि 24 मई को,विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल ।** खैरथल निजी शिक्षा जगत के भीष्म पितामह शिक्षाविद डॉ.एमपी खुराना की 24 मई को पांचवीं पुण्य तिथि पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित। शहर में सिवाना रोड़ पर स्थित इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रागंण में 24 मई को खुराना परिवार की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर इन्द्रा हैप्पी स्कूल के संस्थापक शिक्षाविद एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. एमपी खुराना की पांचवीं पुण्य तिथि मनाई जाएगी। स्वर्गीय डॉ. एमपी खुराना के पुत्र एवं संस्था निदेशक पंकज खुराना ने बताया कि 24 मई शनिवार को उनके पिता स्वर्गीय डॉ. एमपी खुराना जी की पांचवीं पुण्य तिथि के अवसर पर स्कूल प्रांगण में हनुमान जी का सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा,जिसमें पंडित व उनकी टीम द्वारा हनुमान जी का गुणगान किया जाएगा। पाठ के पश्चात् भोग/प्रसाद का आयोजन होगा जिसमें इन्द्रा हैप्पी स्कूल के गेट पर ठंडी सरबत की प्याऊ लगाई जाएगी और जरूरत मंद लोगों को भोजन भी कराया जाएगा।



## बृसिंहबास में जमीनी रंजिश ने ली हिंसक मोड़ः दुकानों पर चला जेसीबी, पुलिसकर्मी घायल, कई हिरासत में



मरुधर विशेष

**नीमकाथाना।** बृसिंहबास क्षेत्र गणेश्वर रोड पर मंगलवार को एक पुराने भूमि विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। बृसिंहबास डेहरा रोड स्थित शिव मंदिर के समीप धर्मपाल यादव द्वारा बनाई गई पक्की दुकानों को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि करीब 60-70 लोगों के समूह ने दो जेसीबी मशीनों की मदद से दुकानों को ध्वस्त कर डाला। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को विरोध का सामना करना पड़ा। उपद्रवियों ने एक पुलिसकर्मी का मोबाइल फोन छीन लिया और हेड कांस्टेबल पर लाठी से हमला कर दिया, जिससे उनका हाथ टूट गया। सिर पर भी वार करने की कोशिश हुई, लेकिन उन्होंने हाथ उठाकर बचाव किया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

स्थिति तनावपूर्ण होते देख अतिरिक्त जाब्ता बुलाया गया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए मूलचंद और हरिसिंह के मकानों पर दबिश दी। इस दौरान दो जेसीबी, दो ट्रैक्टर, करीब दर्जनभर मोटरसाइकिलें और दो युवतियों को हिरासत में लिया गया। साथ ही घरों से लाठियां भी जब्त की गईं।

### जमीन का पुराना झगड़ा

जानकारी के अनुसार, विवाद की जड़ में जमीन का पुराना झगड़ा है। हरिसिंह पक्ष का आरोप है कि धर्मपाल यादव ने उनकी जमीन पर अवैध रूप से दुकानें बना ली थीं। 7 दिन पहले सरकारी राजस्व अधिकारियों द्वारा भूमि की नाप-जोख की जा चुकी है। इसी स्थान पर छह दिन पूर्व भी दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी, जिसमें हरिसिंह गंभीर रूप से घायल हुए थे और फिलहाल उनका इलाज चौमूं के अस्पताल में जारी है।

### इनका कहना है

सदर थाना प्रभारी राजेश डूडी ने बताया कि पुलिस बल के पहुंचते ही हमलावर मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। कई आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और जांच जारी है।

## आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने में जुटा चिकित्सा विभाग : डॉ.अरविंद गेट

### जिले में अब तक 186 कैंपों का हो चुका आयोजन




मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल ।** केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के मार्गदर्शन में खैरथल-तिजारा जिले में जरूरतमंद व गरीब तबके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए खैरथल-तिजारा जिला कलक्टर किशोर कुमार के निर्देशानुसार "अभियान सेहत" के अन्तर्गत 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरूष लाभार्थियों के बीपी, शूगर, कैंसर की ग्रामीण स्तर पर प्रारम्भिक जाँच कर इलाज किया जा रहा है, जिसमें अब तक हजारों लोगों को लाभ मिल चुका हैं।

डॉ.अरविंद गेट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला खैरथल- तिजारा ने बताया कि जिला खैरथल-तिजारा में आमजन के स्वास्थ्य में सुधार को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भारत सरकार एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के मार्गदर्शन और खैरथल-तिजारा जिला कलक्टर किशोर कुमार के निर्देशानुसार अभियान सेहत के अन्तर्गत 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरूष लाभार्थियों के बीपी, शूगर, कैंसर की ग्रामीण स्तर पर प्रारम्भिक जाँच कर इलाज किया जा रहा है। जिले में अब तक 186 कैम्प लगाए जा चुके हैं। जिसके अन्तर्गत कुल 13282 पुरुष, महिला एवं बच्चो की स्क्रीनिंग की गई है। जिसमें 30 वर्ष से अधिक पुरूष एवं महिला लाभार्थियों की कुल संख्या 9930 है इनमें से उच्च रक्तचाप के कुल मरीज 2284 एवं शूगर के कुल मरीज 1371 पाये गये हैं। जिनका मौके पर ही परीक्षण करके इलाज शुरू कर दिया गया है। सीएमएचओ डॉक्टर अरविंद गेट ने प्रत्येक खैरथल - तिजारा के आमजन से अपील करते हुए कहा कि आपके गांव,क्षेत्र में आयोजित कैम्प अथवा नजदीकी चिकित्सा केन्द्र पर जाकर अपनी जांच जरुर कराएं।

# सियाखोह में बाबा हनुमान जी का विशाल भंडारे का आयोजन

मरुधर विशेष

**मुंडावर (रमेश चंद)** मुंडावर कस्बे के गाँव सियाखोह में हनुमान जी का विशाल भंडारे का आयोजन मंगलवार को किया गया। भंडारे के मुख्य अतिथि भाजपा नेता इन्द्र यादव समाजसेवी रहे ।इन्द्र यादव ने बताया कि बाबा हनुमान जी का आशीर्वाद हमे सभी क्षेत्रवसियों पर बना रहे और बाबा हनुमान जी के आशीर्वाद से




हमारे क्षेत्र में सुख शांति अमन चैन कायम रहे ऐसे प्रोग्रामों से हमारे क्षेत्र में आपसी भाईचारा बने रहे। समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा का महत्व अधिक रखना चाहिए और कुप्रथाओं को समाज से हटाना चाहिए लेकिन धार्मिक आस्था को बराबर बनाए रखना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर सुलतान सिंह,लालाराम मास्टर,बिल्लू,संदीप,मिंटू,धारासिंह,राकेश,अरविन्द,ग्राम विकास समिति के सदस्य और आसपास के समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# शेखावाटी विश्वविद्यालय में 'साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक में नवाचार' पर संगोष्ठी

## साइबर क्राइम बढ़ने से साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक की मांग बढ़ी

मरुधर विशेष

**सीकर ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की ओर से मंगलवार को "भविष्य का निर्माण: साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फॉरेंसिक में नवाचार और सहयोग" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। इस अवसर पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार के प्रो. (डॉ.) विकास पारीक और जोधपुर के साइबर सिक्यूरिटी एक्सपर्ट डॉ. अर्जुन चौधरी ने 'साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक में नवाचार' के विभिन्न तकनीकी पक्षों पर प्रकाश



डाला। प्रो. विकास पारीक ने कहा कि साइबर क्राइम बढ़ने से वर्तमान में अब साइबर सुरक्षा की आवश्यकता और मांग बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अब इन पाठ्यक्रमों की भी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में पढ़ाया जाना चाहिए। साइबर एक्सपर्ट डॉ. अर्जुन चौधरी ने कहा कि अपने प्रजेंटेशन के माध्यम से साइबर अपराधों का शिकार होने से बचने के उपाय बताए। उन्होंने का कि का उपयोग करके और सतर्कता– जागरुकता से इन अपराधों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग भी अब साइबर अपराध रोकने में हो रहा है।

डिप्टी रजिस्ट्रार (सम्बद्धता) डॉ. रविंद्र कुमार कटेवा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि शेखावाटी विश्वविद्यालय भी एआई और मशीन लर्निंग में डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। उसके लिए औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। इस अवसर पर कुलसचिव श्वेता यादव और निदेशक (अकादमिक और शोध) प्रो. राजेंद्र सिंह ने आगंतुक अतिथियों का शॉल और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय बताया कि इस संगोष्ठी का मुख्य उदेश्य साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक के क्षेत्र में विद्यार्थियों के ज्ञान व समझ को बढ़ाना था। साथ ही साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक के क्षेत्र में नवीन तकनीकी की जानकारी देना भी शामिल था। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एक अत्यंत संवेदनशील विषय बन चुका है और हमें इसके लिए तकनीकी दक्षता के साथ-साथ नीति निर्माण में भी सतर्क रहना होगा। इस मौके पर निदेशक आईटी पंकज मील, मीडिया प्रभारी डॉ. महेश गुप्ता, डॉ. राजेंद्र चुंडावत, डॉ नमिता राना समेत कई फेकल्टी मैंबर्स और सभी विभागों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में कुलसचिव श्वेता यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ग्राम पंचायत नाटोज के प्रशासक हेमंत बैरवा को किया पदमुक्त

मरुधर विशेष



**कठूमर(दिनेश** लेखी)। पंचायत राज विभाग ने ग्राम पंचायत नाटोज के प्रशासक हेमंत बैरवा को निजी खातेदारी में बोरिंग करने के आरोप में प्रशासक पद की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया। पंचायत राज विभाग के अतिरिक्त आयुक्त व उप शासन सचिव इंद्रजीत सिंह के आदेशानुसार जिला परिषद की अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी आरती गुप्ता ने मंगलवार को जारी आदेश में हेमंत वर्मा को पदच्युत कर विकास अधिकारी कठूमर को प्रशासकीय सदस्यों की सूची अविलम्ब भिजवाने को निर्देशित किया गया है। पंचायत राज विभाग के आदेश में नाटौज ग्राम पंचायत में सरपंच पद पर रहते पद का दुरूपयोग कर निजी खातेदारी खसरा नंबर 538 में बिना सहमति और समस्त खातेदारों का समर्पणनामा में बिना हस्ताक्षर कराए बिना ही बोरिंग करा दी। और जांच रिपोर्ट में सरपंच को इसका दोषी माना गया है। इसलिए विभागीय आदेश 11 फरवरी 2025 की पालना करते हुए प्रशासक हेमंत बैरवा को पदच्युत किया जाता है।

## पचपदरा के लाड़ले रौनक सिंह जागरवाल ने सीबीएसई बोर्ड में 81.6 प्रतिशत हासिल किये

मरुधर विशेष

**हीराराम सेजू पचपदरा** स्थानीय क्षेत्र पचपदरा के जवाहर नवोदय विद्यालय पचपदरा कक्षा 12 वीं के छात्र रौनक सिंह जागरवाल पुत्र रणजीत सिंह जागरवाल ने 81.6 प्रतिशत सीबीएसई बोर्ड से प्राप्त करने पर परिवार सहित गांव का नाम रोशन किया । रौनक सिंह कक्षा 6 से ही नवोदय विद्यालय का नियमित छात्र है । छात्र रौनक सिंह ने बताया कि कुछ माह पूर्व दादाजी का अकस्मात देहांत होने के कारण चिंता भी थी । आज खुशी के साथ दुख भी है कि यह खुशी मै मेरे दादाजी को नहीं दे पाया । उन्होंने बताया कि विद्यालय के प्रिंसिपल , गुरुजनों , माता पिता के मार्गदर्शन से अंक प्राप्त हुए है । आगे अच्छे कॉलेज की तैयारी करूंगा । उनके निवास पर जाकर दोस्तों सहित गणमान्य नागरिकों ने पिता रणजीत सिंह व माता पूर्व पंचायत समिति सदस्य गायत्री को बधाई दी । एवं अन्य लोगों के बधाईयों का तांता लगा रहा।



# राजस्थान का जलियांवाला बाग : नीमूचणा नरसंहार कमांडर छाजूसिंह के आदेश पर किसानों पर बरसाई गई थी अंधाधुंध गोलियां

मरुधर विशेष

बानसूर ( सुरेश कुमार सैनी) शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले वतन पर मिटने वालों का बाकी यही निशा होगा। जों देश के काम आतें हैं वों अमर हों जातें हैं। आज ही के दिन यानी 14 मई 1925 को बानसूर के गांव नीमूचना में किसानों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर ब्रिटिश हुकूमत द्वारा अंधाधुंध फायरिंग करते हुए नरसंहार किया गया था । दरअसल वर्ष 1923-24 में अलवर रियासत के महाराजा जयसिंह ने किसानों पर दोहरा लगान लागू कर दिया। जिले के राजपूत किसानों ने अलवर सरकार के इस फैसले का प्रखर विरोध किया और ब्रिटिश सरकार से भी दोहरा लगान नहीं देने की गुहार की । सरकार की ओर से लगान पर माफी देने के लिए क्षेत्र के किसानो में सरकार के प्रति विरोध बढ़ता गया। इस पर अलवर सरकार की तरफ से 7 मई 1925 को जांच आयोग नीमूचाणा भेजा गया। आयोग ने जांच कर अलवर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौप दी। सरकार ने राजपूत किसानों के आंदोलन को राहत देने के बजाय आन्दोलन को शक्ति से



कुचलने का निश्चय किया। तो वही दूसरी ओर किसानों ने बानसूर के नीमूचाणा में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। अलवर सरकार ने इस किसान आंदोलन को कुचलने के लिए एक सैनिक बल गांव नीमूचाणा भेजा जिसने 14 मई 1925 को नीमूचाणा को चारों ओर से घेर लिया और शाम करीब सवा पांच बजे कमांडर छाजूसिंह के आदेश पर राजपूत किसानों पर मशीनगनों से हमला कर दिया ।



सैनिकों द्वारा पूरे गांव में आग लगा दी गई। हमले में करीब 250 राजपूत किसान मारे गए और 100 से अधिक किसान घायल हो गए। आग से ग्रामीणों की सम्पत्ति जल कर राख हो गई। इस आगजनी में करीब 150 घर जल गए व 60 से अधिक मवेशी मर गए। अंग्रेजी सेना द्वारा 40 राजपूत किसानों को बंदी बना लिया गया। नीमूचाणा कांड इतना बर्बर एवं नृशंस था की दिल्ली के समाचार पत्रों ने नीमूचाणा हत्याकांड को रियासत में जलियांवाला बाग हत्याकांड के समक्ष रखा। अजमेर के तरुण राजस्थान एवं कानपुर के प्रताप समाचार पत्र ने नीमूचाणा हत्याकांड की सूचना दिल्ली तक पहुंचाई। तो ब्रिटिश हुकुमनारो पर दबाव पड़ा। अंग्रेज अधिकारियों ने अलवर के महाराजा को नीमूचाणा में किसानों से बातचीत व शांति बनाए जाने की बात कही । तब जाकर राजा ने किसानों से समझौता किया और लगान कर हटाए गए और बेगा प्रथा बंद की गई। ग्रामीणों ने बताया कि समझौते के बाद अलवर महाराजा ने दो ऊंट गाडियों में सोना व चांदी भरकर भेजा और ग्रामीणों के गोली कांड से हुए नुकसान का मुआवजा देने को कहा।

### महात्मा गांधी ने कहा दूसरा जलियांवाला बाग हत्याकांड

राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने नीमूचाणा नरसंहार को दूसरे जलियांवाला बाग हत्याकांड की संज्ञा देते हुए 1926 में कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन में अपनी कलम से नीमूचाणा नरसंहार पर निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया। तो वही लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने बम्बई में आयोजित मारवाड़ी सभा में नीमूचाणा कांड की त्रीव भर्त्सना की। इस नरसंहार के बाद गणेश शंकर विद्यार्थी पैदल चलकर नीमूचाणा पहुंचे जहां उन्होंने किसानों से मुलाकात कर घटना का जायजा लिया।

### बदहाली की गवाही दे रहा नीमूचाणा

समाजसेवी राकेश दायमा ने बताया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में दूसरे जलियांवाला बाग के नाम से विख्यात नीमूचाणा नरसंहार भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्वपूर्ण योगदान रखता है लेकिन इसके इतर आज सरकारों की उदासीनता स्पष्ट दिखाई दे रही है जिस प्रकार से जलियांवाला बाग में शहीद स्मारक बना हुआ है ठीक उसी प्रकार से नीमूचाना में भी शहीद स्मारक का निर्माण करवाया जा सकता था लेकिन सरकारों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नीमूचाना में विरान पड़ी ऐतिहासिक हवेलियां व मां भारती के लिए प्राणों को न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों की यादों की निशानियां की अनदेखी आज स्वयं अपनी बदहाली की गवाही दे रही है। यहां के विधायक औंर सांसद समय समय पर केन्द्र व राज्य सरकारों मे मंत्री रहे हैं। लेकिन इन सबने इस राष्ट्रीय विरासत को संरक्षित और विकसित करने के लिए क्या प्रयास किए यह भी विचारणीय है। फिलहाल नीमूचाना की पड़ोसी ग्राम पंचायत ज्ञानपुरा निवासी देवीसिंह शेखावत बानसूर के विधायक हैं। केंद्र और राज्य में उनकी सरकार है ऐसे में ग्रामीणों ने जल्द ही शहीद स्मारक बनाने की मांग की है।

### हवेलियों पर गोलियों के निशान आज भी दे रहें हैं घटना की गवाही

नीमूचाना में वीरान पड़ी पुरानी हवेलियों मे लगे गोलियों के निशान आज भी नींमूचना नरसंहार व भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपनी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की गवाही देते हैं।

## बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष मे नगर के प्राचीन प्रसिद्ध काला गोरा भैरव मंदिर परभव्य श्रृंगार किया गया और महा आर्तिक आयोजन किया गया

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** नगर का प्रसिद्ध काला गोरा भैरव मंदिर पर पूर्णिमा के अवसर होने से भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया और रात्रि में मांहा आरती उतारी गई और प्रसादी वितरण की गई उसके बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुतियां दी



जिस पर महिला पुरुष नाचने लगे सुबह से ही मंदिर पर दर्शन करने वालों का ताता लगा रहा दर्शन के लिए गुजरात मध्य प्रदेश और नगर के लोगों ने दर्शन कर कई अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर मन्नते छोड़ी गई गई इस अवसर पर काला गोरा भैरव मंदिर कमेटी के उपासक कमलेश राठौड शानू बुआ मिथिलेश बसेर अजय लखारा सुनील शर्मा पवन राठौड़ मंदिर पुजारी जगदीश बैरागी नरेश गादीया राकेश प्रजापत राकेश बैरागी सहित महिलाओं पुरुष बड़ी संख्या में भजन संध्या में उपस्थित थे

## पदोन्नतियों से शारीरिक शिक्षकों का कुनबा बढ़ा संगठन की पहल पर हो रहे लोक कल्याणकारी कार्य

### अम्बेडकर भवन में शारीरिक शिक्षक संघ का सम्मेलन सम्पन्न

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** बागीदौरा. शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ द्वारा राज्य सरकार को की गई पैरवी से सैकड़ों पदोन्नतियां हुई है। इससे बांसवाड़ा जिले में शारीरिक शिक्षकों की संख्या बढ़ी है। यह बात संगठन के जिलाध्यक्ष विनोद पानेरी ने मंगलवार को कस्बे के अम्बेडकर भवन में आयोजित सम्मेलन में कही। जिला व समस्त ब्लॉक कार्यकारिणी के त्रैमासिक सम्मेलन में संगठन की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने प्रदेश स्तर पर जिले की साख बढ़ाने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन की पहल पर विभिन्न लोक कल्याणकारी कार्य किये जा रहे हैं।विशिष्ट अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री लक्ष्मीनारायण टेलर,



प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा बापूलाल माली व अविनाश चौबीसा रहे। संगठन के जिला मंत्री अचल मालोत ने सह शैक्षिक गतिविधियों में जिले के विद्यालयों का श्रेष्ठ मूल्यांकन एवं खेलकूद प्रतियोगिता के स्तरीय आयोजन में जिले के अनुभवी शारीरिक शिक्षकों की टीम का बहुमान किया। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गरासिया ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। नए शैक्षणिक सत्र में सामाजिक व कल्याणकारी गतिविधियां संगठन के माध्यम से आयोजित करने पर निर्णय किया गया। सम्मेलन में गढ़ी ब्लॉक अध्यक्ष जयंत पाटीदार, कुशलगढ़ के हरसिंह खड़िया, बांसवाड़ा से हरीश व्यास, तलवाड़ा से बृजमोहन सोलंकी, आनंदपुरी से पवन पाटीदार एवं बागीदौरा से हीरालाल मईड़ा ने विचार व्यक्त किये। आभार विकेश पाटीदार ने व्यक्त किया।

## केंद्रीय विद्यालय नंबर 3 जयपुर के छात्र पंकज यादव को गांव वासियों ने दी बधाई, 10वीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन

मरुधर विशेष

**कोटपूतली।(सीताराम गुप्ता)** केंद्रीय विद्यालय नंबर 3, जयपुर के छात्र पंकज यादव पुत्र सरजीत यादव ने सीबीएसई की कक्षा 10 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, परिवार और अपने गांव का नाम रोशन किया है। उनके इस शानदार परिणाम की खबर मिलते ही गांव रामगढ़ में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव के लोगों ने पंकज को मिठाई खिलाकर, माला पहनाकर और ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। पंकज यादव ने 10वीं कक्षा में 95.67% अंक प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। पंकज के पिता सरजीत यादव एक इंडियन ऑयल कंपनी में



इंजीनियर हैं और माता गृहिणी हैं। गांव के लोगो ने पंकज को सम्मानित करते हुए कहा, "पंकज जैसे छात्र हमारे गांव के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने यह दिखाया है कि छोटे गांव से भी बड़े सपने देखे जा सकते हैं और उन्हें पूरा भी किया जा सकता है।"

पंकज की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दादा निहाल सिंह ने कहा, "पंकज हमेशा पढ़ाई में गंभीर रहे हैं और उनकी यह सफलता मेहनत व अनुशासन का परिणाम है।"

पंकज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और दोस्तों को देते हुए कहा, "मेरे माता-पिता ने हमेशा मेरा मनोबल बढ़ाया, और शिक्षकों ने पढ़ाई में हर संभव सहयोग दिया। आगे चलकर मैं इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहता हूँ।" गांव के युवाओं के लिए पंकज की यह सफलता प्रेरणास्त्रोत बन गई है। गांव में अब बच्चों और अभिभावकों में शिक्षा के प्रति उत्साह और जागरूकता और अधिक बढ़ती नजर आ रही है।

## गांव समोची में क्रिसल फाउंडेशन के द्वारा एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कैंप का किया आयोजन

### गांव में मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति का खाता खुलवाया तथा बैंक बीमा योजनाओं से जोड़ा



मरुधर विशेष

**कठूमर(दिनेश लेखी)।** गांव समोची में क्रिसल फाउंडेशन के द्वारा एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन कर नरेगा मजदूरों को वित्तीय साक्षरता के बारे में जानकारी दी। फिल्ड आफिसर प्रिया चौधरी ने बैंक योजनाओं में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या, समृद्धि अटल पेंशन योजना, डिजिटल लेनदेन, फिरोड शादी के बारे में विस्तार से भी जानकारी दी। इधर इस कार्यक्रम में उपस्थित एक गरीब परिवार के मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति ने अपने पुत्र शुगर सिंह जाटव के बारे में चर्चा की गई। इस मौके पर कठूमर ब्लॉक की फील्ड ऑफिसर प्रिया चौधरी के द्वारा उस के मानसिक विकलांग पुरुष को पीएनबी बैंक समोची में ले जाया गया तथा बैंक मैनेजर नवीन गोयल के द्वारा मौके पर ही उसे मानसिक विकलांग पुरुष का खाता खुलवाया तथा बैंक बीमा योजना के साथ जोड़ा गया। ताकि उसके भविष्य में जीवन यापन करने में कोई परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर सरपंच केसती सैनी, जीतू जाटव, देबू जाटव तथा बैंक कर्मचारी मौजूद थे।

## खेड़ली में मुमुक्षु कल्पना जैन के वर्षीदान पर जैन समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा

### शोभायात्रा में हाथी व बग्गी रही आकर्षण का केंद्र

मरुधर विशेष

**खेड़ली (दिनेश लेखी)।** कस्बे के श्वेतांबर जैन समाज द्वारा मुंबई की रहने वाली मुमुक्षु कल्पना जैन द्वारा सांसारिक जीवन त्याग कर जैन साध्वी बनने के लिए दीक्षा महोत्सव का आयोजन कस्बे में किया जा रहा है। पांच दिवसीय कार्यक्रम में अनेक धार्मिक आयोजित किए जा रहे हैं। दस मई में से शुरू हुए पांच दिवसीय दीक्षा महोत्सव में चौथे दिन मंगलवार को अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। और वरघोडे के साथ वर्षीदान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

जैन समाज के लोगों द्वारा इस अवसर पर मुमुक्षु कल्पना जैन को हाथी पर बैठाकर डीजे बजे के साथ बरगोड़ा एवं शोभा यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गो से निकल गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ कजोड़ी मोहल्ला स्थित श्वेतांबर पालीवाल जैन धर्मशाला से किया गया जो की कस्बे कठूमर रोड, हिंडौन रोड, शेरावाली चौराहा, बजाजमार्केट, जवाहर चौक से स्टेशन रोड स्थित श्वेतांबर पालीवाल जैन मंदिर होते हुए संयम वाटिका पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों द्वारा पुष्प वर्षा व जलपान करा भव्य स्वागत किया





गया। शोभायात्रा के दौरान जैन समाज के लोग महिलाएं पुरुष एवं बच्चे भजनों पर नाचते झूमते हुए नजर आये। वही नगरपालिका अध्यक्ष संजय गीजगढिया द्वारा भी शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में हाथी,बग्गी आकर्षण का लोगों के लिए केंद्र रही।शोभायात्रा के संयम वाटिका पहुंचने के बाद मुमुक्षु कल्पना जैन का बरसीदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उसके बाद जैन मुनियों द्वारा प्रवचन दिये गये। इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष गंगा लहरी जैन, योगेश जैन, निर्मल जैन, महावीर जैन, दीपक, राजेश जैन, पवन जैन, विवेक जैन, महेश चंद जैन, महावीर, पुष्पेंद्र, पुखराज, अखिलेश, लोकेश, संतोष, अनिल जैन, विनोद, निखिल, विजय जैन आदि सहित जैन समाज के अनेक महिला पुरुष मौजूद रहे।

## नारायण नाम का जाप निर्मल मन से करें। जिस के पास मोह नहीं है, मोह न हो तो मोहन आएगा ही -उत्तम स्वामी





मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** प्रतापगढ पंच अग्नि अखाड़ा के महामंडलेश्वर ध्यान योगी महर्षि उत्तम स्वामी ईश्वरानंद ब्रह्मचारी महाराज ने आज श्रीमद्भागवत कक्षा के पंचम दिवस की कथा में नारद जयंति के अवसर पर देवर्षि नारद का स्मरण कराते हुए कहा कि ईश्वर को स्वयं नारायण को प्राप्त करने के लिए , उन्होंने जो किया, वो आप भी कर सकते हो। बस सिर्फ "नारायण " मंत्र का जाप । नारद पूर्व जन्म में दासी पुत्र थे, जो ऋषियों का उच्छिष्ट भोजन ग्रहण करते ग्र बस , -"नारायण" महामंत्र का जाप ही है जो वे देवर्षि बने। मीरा ने भी वही मंत्र, नरसी मेहता, और तुलसीदासजी ने भी। तुलसीदास कहते हैं -" निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट, छल छिद्र ना भावा ! बस आप नारायण नाम का जाप निर्मल मन से करें। जिस के पास मोह नहीं है, मोह न हो तो मोहन आएगा ही ग्रआज कथा में महाराज उत्तम स्वामी जी ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सरस वर्णन किया। बांसुरी की मधुर धुन में सभी भक्त आनंद रस से विभोर हो गए। अघासुर, बकासुर, शकटासुर, पूतना वध के प्रसंग और कालिया नाग देह के प्रसंग में कहा कि सभी मनुष्यों के सिर पर काल नाच रहा है , किंतु श्रीकृष्ण ने काल कालिया नाग के सिर पर नृत्य किया।

कथा में महाराज उत्तम स्वामी जी ने गोवर्धन पूजा प्रसंग में कहा--आप आज ग्लोबल वार्मिंग की बाते करते हो, हमारे श्रीकृष्ण ने तो 5250 वर्षों पूर्व ही पर्यावरण संरक्षण का सन्देश गोवर्द्धन पूजा करके दिया ग्र 56 भोग लगाये गए दादा गुरूदेव के मोक्ष दिवस पर ब्रह्म भोज और गुरुदेव उत्तम स्वामी जी महाराज द्वारा 108 कन्याओ की पूजा करके मानव समाज को सीख दी गई कि सनातन धर्म में बेटी की भी पूजा करके आशीर्वाद लिया जाता है ग्र बेटी भी दुर्गा रूप में पूजित है ग्र ये जानकारी गुरू भक्त मंडल के मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर मेहता ने दी ग्र आज कथा में मुख्य यजमान कमलेश पाटीदार, भोजन- प्रसादी के यजमान उमेश बम, उमेश कंस्ट्रक्शन एवं परिवार, पौथी पूजा यजमान ओमप्रकाश टाक परिवार, आरती यजमान पारसमल आशीष सेठिया परिवार रहे ग्र राजाराम भाई साहब,क्षेत्रीय मंत्री विश्व हिन्दू परिषद राजस्थान प्रान्त, यशपाल सिंह सिसौदिया, जिला महामंत्री , विश्व हिन्दू परिषद जिला प्रतापगढ़,गजेन्द्र चंडालिया वरिष्ट भाजपा नेता रवि सोनी रवि ओझा,प्रहलाद साहू , रामपालसिंह चुण्डावत सुनील भट्ट शिक्षा अधिकारी, राजस्थान के पूर्व मंत्री श्री चन्द्र कृपलानी और बी जे पी जिलाध्यक्ष महावीर सिंह ने गुरूदेव उत्तम स्वामी जी से भेट कर आशीर्वाद लिया संचालन प्रकाशव्यास ने किया ।

## खोहरी में बाबा भोमिया जी का विशाल भंडारे का आयोजन

## धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर आमजन तथा कुरीतियों को समाप्त करें:इंदर यादव



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** खोहरी गांव में मंगलवार को बाबा भौमिया जी का विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता इन्द्र यादव समाजसेवी रहे । कार्यक्रम में पहुंचने पर इंदर यादव ने बाबा भोमिया के दर पर माथा टेक क्षेत्र, देश के खुशहाली की कामना की। बाबा के दर पर हाजिरी लगाकर आशीर्वाद लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता इंद्र यादव ने कहा कि हमें धार्मिक कार्यक्रमों का अधिक से अधिक आयोजन करना चाहिए जिससे हमारी धार्मिक आस्था बराबर बनी रहे लेकिन समाज से प्रार्थना करता हूं कि मृत्यु भोज को समाज से दूर करना चाहिए यह बहुत बड़ी कुप्रथा है। मृत्यु भोज की बजाय समाज को स्कूलों में कमरा निर्माण, मंदिरों में दान करने या अन्य धार्मिक सार्वजनिक जगह पर खर्च करना चाहिए। बच्चों को अच्छी शिक्षा संस्कारवान दे जिससे बच्चों का भी सर्वांगीण विकास हो और राष्ट्र की उन्नति हो। इस अवसर पर दुलीचंद, जसवंत,कृष्ण ,रामजस,विजय,धर्मेंद्र,जयपाल वीरेंद्र और ग्राम विकास समिति के सदस्य एवं आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

## मोहम्मदपुर में बाबा हमजापीर जी का विशाल भंडारे का आयोजन भाजपा नेता

मरुधर विशेष

**ुडावर (रमेश चंद)** मुंडावर कस्बे के गाँव मोहम्मदपुर में मंगलवार को बाबा हमजापीर का विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।भंडारे के मुख्य अतिथि भाजपा नेता इन्द्र यादव समाजसेवी रहे। इन्द्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा हमजापीर का आशीर्वाद हम सभी क्षेत्रवसियों पर बना रहे और बाबा हमजापीर के आशीर्वाद से हमारे क्षेत्र में सुख शांति अमन चैन कायम रहे। ऐसे प्रोग्रामों से हमारे क्षेत्र में आपसी भाईचारा बने रहे । हमें हमारी आस्था स्वरूप मंदिरों को भव्य और शानदार बनाना चाहिए और हम सभी लोगो को हमारे क्षेत्र में सनातन धर्म को आगे बढ़ाना चाहिए। इस नेक काम में सभी को अपनी अपनी भागीदारी में बढ़




चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये और हमारे क्षेत्र के युवाओं को पढ़ लिख कर आगे बढ़ना चाहिए। हमारे क्षेत्र में युवा पढ़ेगे लिखेंगे तो हमारा क्षेत्र आगें बढ़ेगा और हमारे समाज में चल रही कुप्रथाओं पर रोक लगानी चाहिए।विशेषकर मृत्यु भोज को समाज से खत्म करना चाहिए। युवा साथियों को पढ़ाई की और ध्यान देना चाहिए न की ग़लत कार्यो पर ।युवा साथी घर से बाहर निकलने से पहले माता पिता का आशीर्वाद लेकर निकलना चाहिए। माता पिता का आशीर्वाद लेकर निकलने से हमे सफलता जरूर मिलती है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी ने की । कार्यक्रम के दौरान नंदराम,लक्ष्मीमारायण,रामेश्वर,सतेंद्र,मिश्रीदत्त,दलीप,सुनील रविन्द्र,दिनेश,भीम और ग्राम विकास समिति के सदस्य और आसपास के समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## नीमराना पंचायत समिति सभागार में औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर का आयोजन रोजगार के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी

मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना पंचायत समिति सभागार में मंगलवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र एवं राजस्थान वित्त निगम, भिवाड़ी के तत्वावधान में औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ों आगंतुकों/उद्यमियों ने भाग लिया। शिविर में जिला उद्योग अधिकारी दिलकुश मीणा द्वारा सभी का स्वागत करते हुए उद्योग विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। जिनमें राजस्थान सरकार की नवीन योजनाओं यथा राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 में नवीन व स्थापित उद्यमों हेतु EFCI तक मिलने वाले छूट व लाभ, वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट (ODOP) पॉलिसी 2024 में ऑटो कंपोनेंट/प्रोडक्ट हेतु रजिस्ट्रेशन व मिलने वाले मार्जिन 15 से 25 लाख तक मार्जिन मनी अनुदान न्यू टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन हेतु लाभ मार्केटिंग प्रमोशनल असिस्टेंस



इत्यादि, एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी 2024 के तहत एक्सपोर्टर्स को मिलने वाले विभिन्न अनुदान, राजस्थान MSME पॉलिसी 2024 के लाभ एवं डॉ भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना 2022 के तहत एस सी-एस टी उद्यमी को मार्जिन मनी अनुदान 25 प्रतिशत तक और ब्याज अनुदान 6 से 9 प्रतिशत तक के साथ 10 करोड़ तक ऋण से व्यापार, सेवा, व विनिर्माण उद्योग स्थापित कर सकते हैं साथ ही विभाग की अन्य नवीन पॉलिसियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और ब्रोशर्स वितरण कराते हुए जागरूक किया। प्रकाश चंद शाखा प्रबंधक आर एफ सी द्वारा बताया कि विभाग द्वारा राजस्थान युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना के तहत 12 वीं पास 45 वर्ष तक के युवा 05 करोड़ तक ऋण जिसमें 02 करोड़ तक ऋण पर 5.5% ब्याज दर होगी जो भी उद्यमी रीको एरिया में उद्योग लगाना चाहे हमारे विभाग से जुड़े और लाभ लेने के लिए आह्वान किया। राजेश कुमार शाखा प्रबंधक राजस्थान ग्रामीण बैंक एवं यूको बैंक शाखा प्रबंधक अनिल दोसोदिया ने भी लोन प्रक्रिया से जागरूक करते हुए उद्यमियों को पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। शिविर में पंचायत समिति प्रधान सन्तोष यादव, बीडीओ ओमप्रकाश निर्मल, सी ए गौरव कुमार एवं सैकड़ों उद्यमी व महिला उद्यमी मौजूद रहे।

# टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के एक दिन बाद विराट अपनी पत्नी अनुष्का के साथ वृंदावन पहुंचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद, भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली मंगलवार को अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन में देखे गए। भगवान कृष्ण ने अपना बचपन जिस पवित्र शहर में बिताया था, वहां उनके जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

वृंदावन में, विराट और अनुष्का ने संत प्रेमानंद गोविंद शरण से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपने शानदार 14 साल के टेस्ट करियर का अंत किया, जिसमें उन्होंने 123 मैचों में 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं।

इस जोड़े को पिछले कुछ सालों में कई मंदिरों में जाते हुए देखा गया था। इस साल जनवरी में, विराट, अनुष्का शर्मा और उनके बच्चे प्रेमानंद जी महाराज का आशीर्वाद लेने वृंदावन गए थे, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं।

2023 में, दंपति ने उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर का दौरा किया। इससे पहले, दोनों ने उत्तराखंड में नीम करोली बाबा आश्रम, कैंची धाम की आध्यात्मिक यात्रा की।

विराट के टेस्ट रिटायरमेंट का फैसला तब आया जब यह बताया गया कि कोहली ने अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को अपने फैसले के बारे में बता दिया है।

2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले कोहली पिछले एक दशक में भारत के लाल गेंद के पुनरुत्थान की आधारशिला रहे हैं। उनकी आक्रामक कप्तानी, शानदार बल्लेबाजी और बेजोड़ तीव्रता ने भारत को घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर एक मजबूत टेस्ट टीम में बदलने में मदद की है।

वह ग्रीम स्मिथ (53 जीत), रिकी पोंटिंग (48 जीत) और स्टीव वॉ (41 जीत) के बाद कुल मिलाकर 40 जीत के साथ चौथे सबसे सफल टेस्ट कप्तान के रूप में सेवानिवृत्त हुए।

कोहली के 30 टेस्ट शतक उन्हें सचिन तेंदुलकर (51 शतक), राहुल द्रविड़ (36) और सुनील गावस्कर (34) के बाद चौथे सबसे सफल भारतीय बल्लेबाज बनाते हैं। कोहली ने सात टेस्ट दोहरे शतक भी बनाए, जो किसी भारतीय द्वारा अब तक का सबसे अधिक है। उनके नाम किसी भारतीय कप्तान द्वारा सबसे



अधिक टेस्ट शतक भी हैं, जबकि गावस्कर (11 शतक) उनके 20 शतकों से काफी पीछे हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछले साल भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20आई प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। 36 वर्षीय कोहली अब भारत के लिए केवल वनडे मैचों में खेलेंगे।

# एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने से गुस्साई चमारी अटापट्टू ने की ओछी हरकत, आईसीसीस ने ठोका जुर्माना



**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गए।

यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जर्माना लगाया गया। इसके अलावा 24 महीने की अवधि में पहले अपराध के तहत अटापट्ट पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।

मैदानी अंपायर अन्ना हैरिस और डेडुनू डी सिल्वा, तीसरे अंपायर लिंडन हैनिबल और चौथे अंपायर निमाली परेरा ने अटापट्टू पर आरोप लगाए थे। अटापट्टू ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इस लिये इस पर और सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में खेलेंगे या नहीं, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने सुना दिया फैसला



**सिडनी (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में लौटने के खिलाड़ियों के 'व्यक्तिगत फैसले' का सम्मान करेगा हालांकि आईपीएल की बहाली की तारीखें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल फाइनल की तैयारियों से टकरा रही है।

बीसीसीआई ने सोमवार को फैसला किया कि आईपीएल का यह सत्र 17 मई से छह स्थानों पर बहाल होगा जबकि फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। इससे ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट क्रिकेटरों के सामने दुविधा पैदा हो गई है क्योंकि 11 जून से दोनों टीमों के बीच लॉर्ड्स पर डब्ल्यूटीसी फाइनल होना है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'आईपीएल के शनिवार से फिर शुरू होने के ऐलान के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तय किया है कि इसके लिए भारत लौटने या नहीं लौटने के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत फैसले का वह सम्मान करेगा।' इसमें कहा गया, 'हम सुरक्षा इंतजामात को लेकर बीसीसीआई और ऑस्ट्रेलियाई सरकार के संपर्क में हैं।' भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण आईपीएल शुक्रवार को स्थगित हो गया था। संशोधित कार्यक्रम के तहत अब यह टूर्नामेंट टूर्नामेंट अब लंदन में डब्ल्यूटीसी फाइनल से आठ दिन पहले खत्म होगा जिसमें ऑस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से है।

# कोहली के संन्यास से रहाणे को मिल सकता है अवसर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के संन्यास लेने से अब चयनकर्ता किसी अनुभवी बल्लेबाज की तलाश करेंगे। ऐसे में लंबे समय से टीम में वापसी का प्रयास कर रहे आजिंक्य रहाणे को टीम में जगह मिल सकती है। रहाणे ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल में भी उनका अब तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। ऐसे में अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए वह टीम में जगह पाने के प्रबल दावेदार उभरे हैं। विराट कोहली से पहले रोहित शर्मा पहले ही टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं। इन दो दिग्गजों के एकसाथ जाने से भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की कमी हो गयी है। ऐसे में रहाणे के अलावा चेतेश्वर पुजारा के लिए टीम में राह बन सकती है। इसका कारण है कि ये



दोनों ही इंग्लैंड में भारतीय टीम के मध्य क्रम को मजबूत बना सकते हैं।

इंग्लैंड में मुश्किल विकेटों को देखते हुए जो सीम और स्विंग के लिए अनुकूल हैं। रोहित की अनुपस्थिति में भारत को कोहली जैसे अनुभवी और तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाज की मदद की आवश्यकता थी। ऐसे में जब ये दोनो ही नहीं हैं। रहाणे मध्यक्रम को संभाल सकते हैं। वह जुलाई 2023 से टीम इंडिया से बाहर हैं. रहाणे का इंग्लैंड के खिलाफ हालांकि रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है। उन्होंने इंग्लैंड में लॉर्ड्स में सिर्फ एक शतक लगाया है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्होंने 89 और 46 रन बनाए थे। . रणजी ट्रॉफी में रहाणे ने 9 मैचों में 35.92 की औसत से 467 रन बनाए। ऐसे में सबके उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती और अनुभव मिलेगा।

वहीं पुजारा की ऑस्ट्रेलिया में 2020-21 में भारत की टेस्ट सीरीज़ में अहम भूमिका रही। पुजारा के नाम पर भी बीसीसीआई इंग्लैंड दौरे के लिए विचार कर सकती है। पुजारा ने पूर्व में इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 39.51 की औसत से 1778 रन बनाए हैं।

# वेस्टइंडीज के नये टेस्ट कप्तान की दौड़ में रोस्टन सहित छह खिलाड़ी शामिल

जमैका ।वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को नया टेस्ट कप्तान अगले सप्ताह मिल सकता है।ये इसलिए क्योंकि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि उसने नये कप्तान के लिए छह संभावितों के नाम तय किये हैं जिसमें से वह कप्तान के नाम की घोषणा करेगी।साथ ही कहा कि इन उम्मीदवारों के साक्षात्कर भी उसने लिए हैं।इसके अलावा नए टेस्ट कप्तान को चुनने के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया को सभी ने पसंद किया है।एक रिपोर्ट के अनुसार रोस्टन चेस, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ डा सिल्वा, जॉन कैम्पबेल, जोमेल वॉरिकन और टेविन इमलाच टेस्ट कप्तानी की दौड़ में शामिल हैं।क्रिकेट निदेशक माइल्स बासकॉम्बे, सीडब्ल्यूआई की क्रिकेट समिति के अध्यक्ष हनोक लुईस, मुख्य कोच डैरन सैमी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डेह्रिंग ने साक्षात्कार लिए।टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें



बासकॉम्बे और सैमी द्वारा की जाएंगी।साथ ही कहा कि कहा, ऊहमें उम्मीद है कि अगले सप्ताह के अंत तक बोर्ड को टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें मिल जाएंगी।क्रिकेट निदेशक के अनुसार यह है कि प्रक्रिया काफी अच्छी चल रही है।साथ ही कहा कि यह पहली बार है जब हम टेस्ट कप्तान चुनने की इस तरह की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और क्रिकेट प्रमुखों द्वारा सकारात्मक रवैयर अपनाया गया है।ऊ वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए कुछ समय पहले ही कई बदलाव करते हुए कप्तान को भी हटा दिया था।उसका लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अगले सत्र की अच्छी शुरुआत करना है।


# दिल्ली कैपिल्स को अब स्टार्क के बिना ही खेलना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का बचा हुआ सत्र शीघ्र शुरु होने की संभावनाएं हैं पर इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स को अब लगता है कि अपने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना ही खेलना पड़ सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बची सभी विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गये थे। उन्ही में स्टार्क भी थे। अब जो संकेत मिले हैं उससे साफ है कि स्टार्क अब शायद आईपीएल के बाकी बचे मैचों के लिए भारत लौटने वाले नहीं हैं। पिछले सप्ताह युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के ज्यादातर खिलाड़ियों ने अपनी देश लौटने में ही भलाई समझी थी। रविवार को मिचेल स्टार्क अपनी पत्नी एलिसा हीली के साथ सिडनी पहुंच गए, जहां उन्होंने मीडिया से बात नहीं की पर उनके मैनेजर ने कहा कि वह पिछले दिन के तनाव के कारण डरे हुए और परेशान हैं। इसलिए बचे हुए सत्र के लिए वह जायं ऐसे संभावना नहीं है। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच को ब्लैकआउट के कारण बीच में ही रद्द किया गया था तो हर किसी को लग रहा था कि टूर्नामेंट को स्थगित किया जाएगा। शुक्रवार की दोपहर को बीसीसीआई ने एक सप्ताह के लिए आईपीएल के स्थगित पर अगले ही दिन शनिवार 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा हो गयी। ऐसे में टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने की बात सामने आई। इसके बाद टीमों ने विदेशी खिलाड़ियों से संपर्क किय पर वे उत्सुक नहीं दिखे। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अपने खिलाड़ियों को वापसी के बारे में व्यक्तिगत निर्णय लेने का अधिकार दिया है।



रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड ने जोर देकर कहा है कि इस तरह के विकल्पों से आईपीएल में भविष्य के चयन या बीसीसीआई के साथ संबंधों पर असर नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि खिलाड़ी कठिन हालातों के कारण वापस आये हैं।

# बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को 17 मई से पुन: आरंभ करने की घोषणा की, फाइनल मैच 03 जून को




मुंबई।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र को पुन: आरंभ करने की घोषणा की, जिसमें 17 मई से फिर से मैच शुरू होकर छह स्थानों पर 17 मैच खेले जाएंगे और तीन जून को फाइनल होगा। बीसीसीआई के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, दो रविवार को दो डबल-हेडर आयोजित किए गए हैं, जो टूर्नामेंट के अंतिम चरण के रोमांच को और भी ज्यादा बढ़ाएगा।प्लेऑफ के मैच इस प्रकार आयोजित किए जाएंगे- 29 मई को क्वालीफायर 1, 30 मई को एलिमिनेटर, 01 जून को क्वालीफायर 2 और 03 जून को फाइनल मैच होगा। बीसीसीआई ने कहा कि प्लेऑफ मैचों के लिए स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी।गौरतलब है कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण आई पी एल के शेष मैचों को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया। आईपीएल अब नए जोश के साथ अपने अंतिम चरण में प्रवेश करेगा क्योंकि टीमें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष करेंगी।

# धर्मशाला की उस रात क्या-क्या हुआ, ऑस्ट्रेलिया पहुंचते ही एलीसा हीली ने खोल दी सारी बात

**खेल डैस्क ।** धर्मशाला में ब्लैकआऊट के बाद जब पंजाब और दिल्ली मुकाबला रद्द कर दिया गया तो दर्शक दीर्घा में मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली भी थी। हीली ने मैच के बाद का अनुभव सबके साथ साझा करते हुए कहा कि यह बहुत डरावना था। मैच में पंजाब किंग्स की पारी के 10.1 ओवर के बाद, स्टेडियम में फ्लडलाइट बंद हो गईं और लोगों को स्टैंड से बाहर निकाल दिया गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पाकिस्तान ने पठानकोट क्षेत्र में हमला किया था, जो धर्मशाला स्टेडियम से लगभग 80 किमी दूर था।

दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ को भी उनके संबंधित होटलों में वापस ले जाया गया। उसके बाद दोनों टीमों को दिल्ली लाने के लिए एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की गई क्योंकि उड़ान संचालन निलंबित कर दिया गया था। एलिसा हीली ने कहा कि स्टेडियम में




अचानक एक व्यक्ति सामने आया और कहा कि यहां से चले जाओ। उसका चेहरा सफेद हो गया था।

हीली ने कहा कि यह एक अवास्तविक अनुभव था। अचानक कुछ लाइट टावर बंद हो गए और हम बस ऊपर बैठे इंतजार कर रहे थे... हम परिवार और अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ का एक बड़ा समूह थे और अगले ही मिनट वह व्यक्ति जो हमें बस में ले जाता है, आया और उसका चेहरा सफेद हो गया। वह कह रहा था कि हमें अभी जाना चाहिए। फिर एक और आदमी बाहर आया और उसका चेहरा सफेद था और उसने एक बच्चे को पकड़ लिया और कहा कि हमें अभी जाना चाहिए। हम सोच रहे थे- क्या हो रहा है? हमें कुछ नहीं बताया गया। हमें कुछ पता नहीं था। अगले ही मिनट हमें इस कमरे में ले जाया गया जो एक होल्डिंग पेन की तरह था। सभी लड़के वहां थे।

एलिसा हीली ने कहा कि स्थिति ऐसी थी कि फाफ डु प्लेसिस के पास जूते भी नहीं थे। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने मिशेल स्टार्क से पूछा कि क्या हो रहा है और तेज गेंदबाज ने उन्हें मिसाइल हमले के बारे में बताया। पूरी घटना को पागलपन बताते हुए उन्होंने कहा कि फाफ डु प्लेसिस के पास जूते भी नहीं थे। हम सभी वहां बस इंतजार कर रहे थे, तनाव में दिख रहे थे। मैंने मिच से पूछा कि क्या हो रहा है? उन्होंने कहा कि 60 किमी दूर शहर में कुछ मिसाइलों से हमला हुआ था, इसलिए इलाके में पूरी तरह से ब्लैकआउट हो गया था। इसलिए लाइटें बंद थीं क्योंकि उस समय धर्मशाला स्टेडियम एक बीकन की तरह था। अचानक हम वैन में भर गए और होटल वापस चले गए। पागलपन था।

# इटली में खेला जाएगा होपमैन कप : आईटीए



लंदन ।होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट इटली के दक्षिणी शहर बारी में 16 से 20 जुलाई तक खेला जाएगा।अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीए) ने कहा है कि इस साल इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें भाग लेंगी।इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद किया जाएगा।मालूम हो कि होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं।इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है पर इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। गौरतलब है कि ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था।पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था।आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

# स्मृति मंधाना आईसीसी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची, अब शीर्ष स्थान पर नजरें

दुबई ।श्रीलंका में हाल में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं जिससे उनकी नजरें एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी हैं। पिछली बार 2019 में नंबर एक एकदिवसीय बल्लेबाजी बनीं मंधाना ने श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला की पांच पारियों में 264 रन बनाए और श्रृंखला की दूसरी सबसे सफल बल्लेबाज रहीं।श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 101 गेंद में 116 रन की पारी खेलने वाली मंधाना शीर्ष पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट से सिर्फ 11 रेटिंग अंक पीछे हैं।वोलवार्ट त्रिकोणीय श्रृंखला में सिर्फ 86 रन बना पाईं।श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने शीर्ष स्थान में अपनी जगह मजबूत की।वह त्रिकोणीय श्रृंखला में 139 रन बनाने के बाद दो स्थान के फायदे से सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं।भारत की जेमिमा रोड्रिग्स (पांच स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्राइओन (नौ स्थान के फायदे से 18वें पायदान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई भारतीय स्पिनर स्नेह राणा को गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है जिसमें इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर चल रही हैं।



# अब अगस्त में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे रोहित



नई दिल्ली ।भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने पिछले सप्ताह टेस्ट प्रारुप से संन्यास की घोषणा कर दी थी।ऐसे में अब वह इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये हैं।रोहित अब अगस्त में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे।भारतीय टीम अगस्त में बांग्लादेश के दौरे पर जाएगी।जिससे रोहित टीम की कप्तानी करते दिखेंगे।भारतीय टीम को इस दौरे में तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलने हैं।रोहित इस दौरे में एकदिवसीय सीरीज में कप्तानी करेंगे।वह 2027 विश्व कप तक एकदिवसीय प्रारुप खेलना चाहते हैं। वहीं टी20 प्रारुप की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे।भारतीय टीम का बांग्लादेश का दौरान 17 अगस्त से शुरू होगा।सीरीज का पहला एकदिवसीय ढाका के शेर ए बांग्ला स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि दूसरा एकदिवसीय मैच 20 अगस्त को इसी स्थल पर होगा. सीरीज का तीसरा और आखिरी एकदिवसीय मैच 23 अगस्त को चटगांव में खेला जाएगा।इसके बाद टी20 सीरीज खेली जाएगी पर इसमें रोहित टीम के साथ नहीं होंगे क्योंकि उन्होंने पिछले साल ही टी20 प्रारुप को अलविदा कह दिया था।भारत और बांग्लादेश के बीच 42 एकदिवसीय खेले जा चुके हैं जहां भारत ने 33 मैच जीते हैं जबकि बांग्लादेश ने 8 जीते है जबकि एक मैच का कोई परिणाम नहीं निकला है।

# बंद कर दो डीजे, चीयरलीडर्स नचाना, सुनील गावस्कर ने की बीसीसीआई से अपील

**मुम्बई(एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण निलंबित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का सीजन सप्ताहांत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैच के साथ फिर से शुरू होगा। टूर्नामेंट की बहाली से पहले, भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बीसीसीआई से शेष मैचों में संगीत, डीजे और चीयरलीडर्स को हटाने की अपील की है, ताकि हाल के आतंकी हमले में जान गंवाने वाले परिवारों की भावनाओं का सम्मान किया जाए।

गावस्कर का यह सुझाव भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम के बाद आया है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से आईपीएल को स्थगित करना पड़ा। युद्धविराम के बाद टूर्नामेंट दोबारा शुरू होने को तैयार है।

गावस्कर ने कहा कि शेष 15-16 मैचों में कोई संगीत, डीजे या चीयरलीडर्स नहीं होनी चाहिए। खेल को सिर्फ क्रिकेट तक सीमित रखना उन परिवारों की भावनाओं का सम्मान होगा, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। दर्शकों को आने की अनुमति हो, लेकिन यह सिर्फ एक क्रिकेट टूर्नामेंट हो, बिना किसी नाच-गाने के। उन्होंने यह भी कहा कि सीमा पर तनाव के बीच टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए निलंबित करने का फैसला सही था, क्योंकि ऐसी स्थिति में खेल जारी रखना उचित नहीं था।

गावस्कर ने इस दौरान विराट और रोहित के 2027 विश्व कप में खेलने के इरादे पर भी बात की। उन्होंने साफ कहा कि वे खेल के इस प्रारूप में बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। फिर से, चयन समिति शायद 2027 विश्व कप को ध्यान में रखेगी। वे देखेंगे कि क्या वे 2027 विश्व कप के लिए टीम में शामिल हो पाएंगे। क्या वे उस तरह का योगदान दे पाएंगे जैसा वे दे रहे हैं? यह चयन समिति की विचार प्रक्रिया होगी। अगर चयन समिति सोचती है कि 'हां, वे कर सकते हैं', तो वे दोनों इसके लिए मौजूद होंगे।






# अब हॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी कंगना रनौत

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अब हॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। वह हॉरर ड्रामा 'ब्लेस्ड बी द एविल' में पहली बार मुख्य भूमिका निभाएंगी। इस प्रोजेक्ट में कंगना के साथ टीन वुल्फ, टायलर पोसी और हॉलीवुड आइकन सिल्वेस्टर स्टेलोन की बेटी स्कारलेट रोज स्टेलोन होंगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म का निर्माण इस गर्मी में न्यूयॉर्क शहर में शुरू होने वाला है।
निर्माताओं ने खुलासा किया कि टीम ने जानबूझकर अमेरिकी स्थानों का चयन किया ताकि हाल ही में घोषित ट्रम्प इंडस्ट्री टैरिफ से उत्पन्न किसी भी अनिश्चितता से बचा जा सके।
इस फिल्म का निर्देशन अनुराग रुद्र ने किया है। जिन्होंने गाथा तिवारी लायंस मूवीज के अध्यक्ष और संस्थापक के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट भी लिखी है। 'ब्लेस्ड बी द एविल' एक साइकोलॉजिकल हॉरर है।
रिपोर्ट के मुताबिक कहानी एक ईसाई कपल पर केंद्रित है जो गर्भपात के आघात से जूझ रहा है। एक नई शुरुआत की तलाश में, वह एक अंधेरे और भयावह इतिहास वाले एक छोड़े हुए खेत को खरीदते हैं, लेकिन यहां उनका सामना एक दुष्ट शक्ति से होता है।
फिल्म के निर्देशक अनुराग ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, 'ग्रामीण भारत में पैदा होने और अपना बचपन बिताने के कारण, मुझे ऐसी कहानियां सुनाई गईं जो मेरे दिमाग और दिल में बस गईं। यह लोककथा इतनी खास थी कि मुझे वास्तव में सभी कहानियों पर विश्वास था। मैं उन्हें सिनेमा की कला के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना चाहता था।'
अभिनेत्री कंगना रनौत ने अभी तक इस प्रोजेक्ट को लेकर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। अभिनेत्री को आखिरी बार 'इमरजेंसी' में देखा गया था। इस फिल्म से उन्होंने निर्देशन की भी शुरुआत की। फिल्म में उन्होंने भारत की दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी।



# नित्या मेनन के साथ बनी विजय सेतुपति की जोड़ी

साउथ स्टार विजय सेतुपति की फिल्मों का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ वक्त से विजय सेतुपति अपनी अनाम आगामी फिल्म को लेकर चर्चाओं में थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री नित्या मेनन नजर आने वाली हैं। हालांकि, अब मेकर्स ने इस फिल्म के टाइटल की घोषणा कर दी है। जिसके बाद अब फिल्म का नाम सामने आ गया है।



## पावर कपल के रूप में नजर आएंगे विजय-नित्या

फैंस का इंतजार खत्म हुआ और विजय सेतुपति की आगामी फिल्म के 'टाइटल की घोषणा हो गई। विजय सेतुपति और नित्या मेनन की इस फिल्म का नाम है 'थलाइवन थलाइवी'। इस फिल्म का निर्देशन पंडिराज ने किया है। इस ड्रामा फिल्म में विजय और नित्या पावर कपल के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म गंभीर रूप से संबंधित रिश्तों पर बात करती है और उनके बीच के हर भाव को दिखाती है।

## टीजर में दिखी दोनों की मजेदार केमेस्ट्री

मेकर्स ने फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया है। जिसकी शुरूआत विजय सेतुपति और नित्या मेनन के खाना बनाने की तैयारी करते हुए होती है। इसके बाद दोनों मजाक और बहस करते हुए रसोई में खाना बनाते नजर आते हैं। टीजर में दोनों के बीच जबरदस्त केमेस्ट्री देखने को मिली है। टीजर में योगी बाबू भी नजर आए हैं। जो ये बताते हैं कि यह जोड़ी सामान्य से बहुत दूर है। तभी विजय सेतुपति एक बंदूक निकालते हैं और गोली चलाते हैं। इसके साथ ही टीजर समाप्त हो जाता है।

## अभी सामने नहीं आई रिलीज डेट

विजय सेतुपति और नित्या मेनन दूसरी बार एक साथ किसी फिल्म में नजर आएंगे। पंडिराज द्वारा लिखित और निर्देशित 'थलाइवन थलाइवी' के टीजर के बाद अब दर्शक इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। हालांकि, अभी फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की गई है।

# हॉलीवुड में डेब्यू करेंगी सलमान की गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर

सलमान खान की रूमर्ड गर्लफ्रंड यूलिया वंतूर जल्द ही हॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाली हैं। आज ही यह जानकारी सोशल मीडिया पर आई है, जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि वह जल्द ही ईकोज ऑफ अस में नजर आएंगी।

## ईकोज ऑफ अस की स्टार कास्ट और शूटिंग

ईकोज ऑफ अस एक अंग्रेजी भाषा की फिल्म होगी, जिसमें यूलिया वंतूर के अलावा पूजा बत्रा, दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसेंड्रा व्हेलन मैरिज नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन जो राजन करेंगे, जिन्होंने लव यू सोनियो से अपने निर्देशन करियर की शुरुआत की थी। बहरहाल, फिल्म की शुटिंग आज से शुरु हो चुकी है। इस फिल्म में यूलिया महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा के एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के तहत किया जाएगा।

## यूलिया का करियर और चर्चा

यूलिया वंतूर एक रोमानियाई अभिनेत्री, गायिका और मॉडल हैं। यूलिया ने रोमानिया में मॉडलिंग और टेलीविजन प्रस्तुतकर्ता के रूप में काम किया। भारत में आने के बाद, उन्होंने संगीत में भी हाथ आजमाया और कई गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे कि हिमेश रेशमिया के साथ एवरी नाइट एंड डे। यूलिया ने बॉलीवुड में कई फिल्मों में आइटम नंबर किए हैं। हालांकि, उन्हें सबसे ज्यादा सलमान खान के साथ उनके संबंधों के कारण जाना जाता है। यूलिया ने सलमान खान की फिल्म राधे- योर मोस्ट वांटेड भाई के गाने सीटीमार में भी अपनी आवाज दी है।



# ओटीटी पर नहीं आएगी सितारे ज़मीन पर, आमिर खान ने चुना यूट्यूब का नया पे-पर-व्यू मॉडल

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान एक बार फिर अपने नए सिनेमाई प्रयोग से चर्चा में हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' को लेकर दर्शकों में जितनी उत्सुकता है, उतना ही चौंकाने वाला है इसका रिलीज़ फॉर्मेट। आमतौर पर आजकल की फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के कुछ हफ्तों के भीतर ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हो जाती हैं, लेकिन आमिर खान ने इस रिवाज से हटकर एक नई राह चुनी है। सूत्रों की मानें तो सितारे ज़मीन पर को सिनेमाघरों में रिलीज़ के बाद किसी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम नहीं किया जाएगा। इसकी बजाय, यह फिल्म दो महीने बाद यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत दर्शकों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इस मॉडल के तहत दर्शक फिल्म को देखने के लिए एक बार का शुल्क देंगे — न कि किसी ओटीटी सब्सक्रिप्शन के जरिए।
आमिर खान का मानना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर जल्दी स्ट्रीमिंग की वजह से दर्शक सिनेमाघरों का रुख नहीं करते, खासकर ऐसी फिल्मों के लिए जो बड़े विजुअल इफेक्ट्स या एक्शन से भरपूर नहीं होतीं। 'सितारे ज़मीन पर' एक भावनात्मक और कंटेंट-ड्रिवन फिल्म है, और आमिर इसके साथ एक अलग प्रयोग करना चाहते हैं। यही कारण है कि फिल्म के पोस्टर पर भी किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म का लोगो नहीं है — जो आमतौर पर ट्रेंड बन चुका है। इस निर्णय के पीछे आमिर की मंशा यह है कि दर्शकों को सिनेमाघर का अनुभव देने के बाद भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर फिल्म की वैल्यू बनी रहे और निर्माता को कंटेंट पर पूरा नियंत्रण मिले। यह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में पे-पर-व्यू आधारित वितरण मॉडल का एक नया अध्याय साबित हो सकता है।





# नई फिल्म के लिए साथ आए मनोज बाजपेयी और विपुल शाह



नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी एक बार फिर दर्शकों को अपनी दमदार एक्टिंग से चौंकाने को तैयार हैं। उनकी नई फिल्म गवर्नर की घोषणा हो चुकी है, जिसमें वह एक गवर्नर की मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म विपुल शाह के प्रोडक्शन हाउस सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही है। फिल्म के डायरेक्टर चिन्मय मांडलेकर हैं और इसकी शूटिंग जुलाई-अगस्त 2025 में शुरू होने की उम्मीद है।

## गवर्नर की कहानी और तैयारी

गवर्नर एक रोमांचक पॉलिटिकल थ्रिलर है, जो मनोज बाजपेयी के करियर में एक और शानदार प्रदर्शन जोड़ने जा रही है। पीपिंगमून की रिपोर्ट के अनुसार, सनशाइन पिक्चर्स में इस प्रोजेक्ट पर पिछले दो साल से काम चल रहा था। पहले इस फिल्म को अपूर्व सिंह कार्की (सिर्फ एक बंदा काफी है) डायरेक्ट करने वाले थे, लेकिन अपनी दूसरी कमिटमेंट के कारण उन्हें प्रोजेक्ट छोड़ना पड़ा। इसके बाद मनोज बाजपेयी ने चिन्मय मांडलेकर को डायरेक्टर के तौर पर सुझाया। मनोज और चिन्मय हाल ही में नेटफ्लिक्स इंडिया की अपकमिंग कॉप ड्रामा सीरीज इंस्पेक्टर जेंडे में साथ काम कर चुके हैं। फिल्म की प्री-प्रोडक्शन शुरू हो चुकी है और बाकी मुख्य किरदारों के लिए कास्टिंग प्रक्रिया जोरों पर है। विपुल शाह इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं।

## मनोज बाजपेयी के आने वाले प्रोजेक्ट

मनोज बाजपेयी को गैंग्स ऑफ वासेपुर, स्पेशल 26, जोरम, और गुलमोहर जैसी फिल्मों में उनके शानदार अभिनय ने उन्हें दर्शकों और क्रिटिक्स का प्यार दिलाया है। हाल ही में वह नीरज पांडे की नेटफ्लिक्स फिल्म की शूटिंग पूरी कर चुके हैं। इसके बाद वह गवर्नर की शूटिंग शुरू करेंगे। मनोज के पास और भी कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें शेखर कपूर की मासूम- द न्यू जेनरेशन और राम गोपाल वर्मा की पुलिस स्टेशन में भूत शामिल हैं। इसके अलावा, अमेजन प्राइम वीडियो की सुपरहिट सीरीज द फैमिली मैन का तीसरा सीजन भी दिवाली 2025 के आसपास रिलीज होने की उम्मीद है।



# घर के बाहर कैजुअल सेक्सिज्म का सामना किया, मेरी बोली हुई बात का कोई महत्व नहीं था

सार्थक सिनेमा के लिए जानी जाने वाली भूमि पेडनेकर जितनी कटिबद्ध अपनी भूमिकाओं को लेकर हैं, उतनी ही उनकी चर्चा होती रही है विविधरंगी चरित्रों को लेकर। अभिनय के अलावा वे देश-विदेश के मंचों पर पर्यावरण और महिला मुद्दों पर भी जागरूकता फैलाने का भी काम करती रही हैं। जल्द ही वे द रॉयल्स जैसी वेब सीरीज से ओटीटी पर अपना डेब्यू करने जा रही हैं। उनसे एक ख़ास बातचीत

**भूमि हाल ही में हमने आपको यंग ग्लोबल विमेन लीडर के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करते देखा, कितना फर्क पड़ता है, इस तरह के पार्टिसिपेशन से?**

-बहुत फर्क पड़ता है। मैं खुद को बहुत ही उद्देश्यपूर्ण अभिनेत्री और व्यक्ति मानती हूं, तो मैं अपने काम या जो भी मुझे मंच दिया जाता है, उसमें उद्देश्य ढूंढती हूं। जैसे हाल ही में मैं डावोस समिट गई थी या फिर बीते दो सालों में मैंने जितने भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को रीप्रेजेंट किया है, मैंने अभिनेत्री नहीं बल्कि एक लड़की होने के नाते अपनी बात रही है। मैं इस तरह के प्लैटफॉर्म्स का लगातार हिस्सा बनना चाहूंगी, क्योंकि जब तक हम इन माध्यमों में अपनी सहभागिता नहीं बढ़ाएंगे, जहां महिलाओं को लेकर पॉलिसीज बनती हैं, कानून बनाए जाते हैं, बड़े फैसलों पर निर्णय लिए जाते हैं, तब तक हम इक्वैलिटी की बात कैसे कर सकते हैं? इसलिए ऐसे मंचों का हिस्सा बनना जरूरी है।

**आप पर्दे पर भी लगातार महिला मुद्दों को मुखर करने वाले किरदारों में नजर आती हैं, मगर क्या आपको लगता है कि महिलाओं की चुनौतियां कुछ कम हुई हैं?**

मुझे लगता है बदलाव तो आया है, मगर अभी लंबा सफर तय करना है महिलाओं को। औरतों की चुनौतियों की फेहरिस्त बहुत लंबी है। मूल रूप से आप हर चीज में जो असमानता देखते हैं और दुर्भाग्य की बात ये है कि इसकी शुरुआत आपको घर से देखने को मिलती है। मैं इस मामले में खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मैं जिस तरह के परिवार में पली-बढ़ी, वहां मुझे अहसास नहीं हुआ कि कैजुअल सेक्सिज्म (अनौपचारिक लिंगभेद) क्या होता है? ऐसी चीजों का मुझे तब अहसास हुआ, जब मैं अपने घर से बाहर निकली और मेरी हर चीज पर सवाल उठाए जाने लगे। कई बार मुझे साफ तौर पर मुंह पर बोला गया कि बाकी चीजें अहमियत रखती हैं, मेरी बोली हुई बात का कोई महत्व नहीं। कई बार हम एक पुरुषों से भरे कमरे में होते हैं और वहां अनौपचारिक रूप से हमें जताया जाता है कि हमारा मत अहमियत नहीं रखता। यही वजह है कि मैं कोशिश करती हूं कि अपने काम या किरदारों के जरिए महिलाओं को सशक्त करने का काम करती हूं।

**करियर की शुरुआत में दम लगा के हईशा से अब तक आपका ट्रांसफॉर्मेशन काबिल-ए-तारीफ है, मगर क्या आपको लगता कि मेल एक्टर के 6 पैक एब्स बनाने की तुलना में ऐक्ट्रेस के ट्रांसफॉर्मेशन को उतना हाईलाइट नहीं किया जाता?**

आप जो कह रही हैं, वो बिलकुल सौ प्रतिशत सही है। हम लड़कियों को खुद को साबित करने के लिए थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। मैंने दम लगा के हईशा के लिए मैंने तकरीबन 27 किलो वजन बढ़ाया था और इस भूमिका के लिए मैं अलग तरह से ट्रांसफॉर्म हुई हूं। आने वाले समय में हो सकता है आपको कोई और भूमि देखने को मिले, मगर मैं यह जरूर कहना चाहूंगी कि मेरे पास शोर मचाने के लिए और भी बहुत कुछ है।

**आपकी नई वेब सीरीज द रॉयल्स में में आपके हीरो ईशान खट्टर हैं, उनके साथ अपनी केमेस्ट्री को लेकर नर्वसनेस थी कि कन्वर्ट हो पाएगी या नहीं?**

मुझे लगता है, वो नर्वसनेस हर किरदार को लेकर होती है। जो आपका किरदार है, जो आपने पढ़ा है और सोचा है, वो कन्वर्ट होगा या नहीं? देखिए, जो शो रनर होते हैं, प्रड्यूसर, एग्जिक्यूटिव प्रड्यूसर वो आपके पास एक कॉन्सेप्ट और किरदार लेकर आते हैं, उसके बाद आपको उसे सेट पर अपने निर्देशक के साथ मूर्त रूप देना होता है, मगर वह तभी कामयाब होता है, जब आपका अपने साथी कलाकार के साथ वो कंफर्ट लेवल हो। हीरो-हीरोइन दोनों ही जब पूरी मेहनत और शिद्दत से काम करते हैं, तभी जाकर उन दोनों के बीच की केमेस्ट्री रंग लाती है।

**जीनत अमान जैसी लेजेंड अभिनेत्री के साथ इस वेब सीरीज में काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

जब मुझे पहली बार पता चला कि जीनत जी भी इस शो में हैं, तो मेरे अंदर का फैन बाग-बाग हो गया। मैं उनकी बहुत बड़ी वाली फैन हूं। जब सेट पर मेरा उनके साथ पहला सीन था, तब मैं बहुत नर्वस थी, क्योंकि मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि मैं उनके सामने कैसे आऊंगी। मगर वे सच्चे मायनों में क्वीन हैं, आइकॉन हैं। उनका ऑरा कमाल का है। वे दयालु हैं, उनके भीतर बहुत प्यार भरा हुआ है, दूसरों को देने के लिए। आप जब भी उनसे मिलते हैं, तो वे आपको कांप्लिमेंट करती रहेंगी और आपको लगता है कि वे कितनी ज्यादा विनम्र हैं। मैं कामना करती हूं कि काश मेरे उनके साथ और ज्यादा सीन होते। इस मामले में मुझे अपने दूसरे साथी कलाकारों से मुझे बहुत ईर्ष्या होती है, क्योंकि मेरी तुलना में उन्हें जीनत जी के साथ ज्यादा दृश्य करने का मौका मिला।

# दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने 97% से अधिक अंक अर्जित करके परचम फहराया

सीबीएसई के रिजल्ट में छात्रों का श्रेष्ठ प्रदर्शन


याशिका यादव 95.00%


कक्षा 12वीं, छात्र भरत बागड़ी 93.40%


मुस्कान अग्रवाल 91.40%


कक्षा दसवीं के छात्र निलय बंसल 97.20%


अग्रिम बंसल 95.60%

मरुधर विशेष

**कोटपूतली। (सीताराम गुप्ता)** पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल (सीबीएसई) के 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ उत्कृष्ट अंक अर्जित करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। स्कूल के कक्षा 10 वीं के छात्र निलय बंसल पुत्र राज बंसल ने 97.20 प्रतिशत, अग्रिम बंसल पुत्र अनुराग बंसल ने 96.00 प्रतिशत, याशिका यादव पुत्री प्रशांत कुमार यादव ने 95.00 प्रतिशत अंक अर्जित करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं में आधे से ज्यादा बच्चों ने 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं, वही स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र भरत बागडी पुत्र गर्वित सैनी ने 96.00 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान व मुस्कान अग्रवाल पुत्री राजेश कुमार गुप्ता ने 93.00 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान हासिल किया है। विद्यालय मैनेजमेंट एवं प्रधानाचार्या बिंदु सागवान ने परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए सभी विद्यार्थियों व उनके अभिभावको को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# वनेश्वर महादेव बजरंग व्यायाम शाला में आधुनिक व्यायाम मशीन का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया

मरुधर विशेष




**अरूण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**
बांसवाड़ाः आज वनेश्वर महादेव बजरंग व्यायाम शाला में आधुनिक व्यायाम मशीन का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर संत सानिध्य रामद्वारा के संत राम प्रकाश महाराज का रहा। मुख्य वक्ता के रूप मे विश्व हिंदू परिषद परियोजना प्रमुख धर्मराज भाई थे। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष पूंजी लाल गायरी थे। अध्यक्षता सनातन धर्म सभा अध्यक्ष योगेश जोशी ने की वही विशिष्ट अतिथि सनातन धर्म सभा सरक्षक महेश उपाध्याय थे। मुख्य वक्ता धर्मराजभाईने अखाड़ो को सनातनी परंपरा बताते हुए आज सनातनी सस्कारो को जीवंत बनाने का आह्वान किया। संत राम प्रकाशजी महाराज ने अखाड़ो के सहयोग मे समाज को आगे आने की आवश्यक्ता बताई। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा पुंजिलाल गायरी ने अखड़ो को धर्म रक्षक बताया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे सनातन धर्म सभा अध्यक्ष योगेश जोशी ने बताया की परम ध्यान योगी महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी इश्वरानंद महाराज ने बांसवाड़ा के सभी अखाड़ो को आधुनिक स्वरूप देने का निश्चय किया है। उसी श्रखला मे खोडियार माता व्यायाम शाला और वनेश्वर महादेव बजरंग व्यायाम शाला मे सवा सवा लाख रुपये की आधुनिक मशीनें लगवाने का शुभारंभ किया गया है। और शेष मे भी जल्द लगेगी।संचालन सनातन धर्म सभा के उपाध्यक्ष बलवंत वसिटा ने किया,स्वागत व्यायाम शाला सरक्षक सज्जन सिंह ने किया वही आभार इंद्रजीत सिह ने माना। वही इस अवसर पर व्यायाम शाला सहयोगी प्रिंस पटेल,भाई समाज अध्यक्ष कन्हैयालाल राठौड़ जय गिरिराज सिंह चौहान मांगिलाल वाल्मीकि धर्वेश खांट रवि खन्नीवाल सहित अनेक पहलवान साथी उपस्थित थे।



# प्रोडक्ट रेटिंग के नाम पर 1.16 लाख की साइबर ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

मरुधर विशेष

**रेवाड़ी(अमित सैनी)।** प्रोडक्ट की रेटिंग के बदले मोटे मुनाफे का झांसा देकर एक महिला से 1.16 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले दो आरोपियों को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव भागोरिया की ढाणी निवासी पवन कुमार तथा परशुरामपुरा निवासी राहुल योगी के रूप में हुई है।



पुलिस के अनुसार, खालेटा गांव निवासी एक महिला ने शिकायत में बताया था कि 10 अप्रैल को उसका संपर्क टेलीग्राम पर एक अज्ञात महिला से हुआ, जिसने ऑनलाइन प्रोडक्ट रेटिंग के जरिए अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया। विश्वास में आकर महिला ने बताए गए बैंक खातों में तीन किश्तों में कुल 1,16,462 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब महिला ने निवेश की गई राशि वापस मांगी, तो उसे और अधिक पैसे जमा कराने को कहा गया। इसी दौरान उसे ठगी का आभास हुआ और उसने साइबर थाना, रेवाड़ी में शिकायत दर्ज करवाई। जांच के दौरान पता चला कि पवन कुमार के बैंक खाते का उपयोग इस साइबर ठगी में किया गया था, जिससे लगभग 40 हजार रुपये की राशि ट्रांसफर की गई थी। पूछताछ में राहुल योगी ने स्वीकार किया कि उसने कमीशन के आधार पर पवन से बैंक खाता लेकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। पुलिस ने पवन कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि राहुल योगी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

"लाडो प्रोत्साहन योजना"

# राशि 1 लाख रुपए से बढ़कर 1.50 लाख रुपए हुई

मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़, (प्रभु राम) गरीब** परिवार में जन्म लेने वाली बालिकाओं के पालन-पोषण के लिए शुरू की गई लाडो प्रोत्साहन योजना की राशि राज्य सरकार ने 1 लाख रूपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रूपये कर दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस संबंध में संशोधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस अभिनव योजना में गरीब परिवार की बालिकाओं के जन्म पर 1.50 लाख रूपये का संकल्प पत्र राज्य सरकार की ओर से दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने 12 मार्च 2025 को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान राशि बढ़ाकर 1.50 लाख रूपये करने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने के साथ ही जन्म से लेकर वयस्क होने तक बालिकाओं के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने 1 अगस्त 2024 से लाडो प्रोत्साहन योजना पूरे प्रदेश में लागू की थी।

### बालिका जन्म के प्रति सोच बदलेगी यह योजना

बालिका के जन्म के साथ ही अक्सर मां-बाप को उसके लालन-पालन और भविष्य के खर्चों की चिंता हो जाती है। माता-पिता की चिंताओं को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 'लाडो प्रोत्साहन योजना' लागू की थी। इसका उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना और बालिका शिशु मृत्यु दर में भी कमी लाना है। योजना के सकारात्मक पहलू को देखें तो भविष्य में घटते शिशु लिंगानुपात में भी सुधार आएगा। बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव बढ़ेगा। माता-पिता उनकी पढ़ाई जल्दी छुड़वाकर कम उम्र में शादी नहीं करवाएंगे जिससे बाल विवाह में कमी लाने में भी मदद मिलेगी।

### किश्तों में होगा राशि का भुगतान

इस योजना में बालिका के जन्म पर 1.50 लाख रूपए राशि का संकल्प पत्र प्रदान किया जाएगा। बालिका के जन्म से लेकर 21 वर्ष आयु पूरी करने तक इस राशि का भुगतान 7 किश्तों में डीबीटी के माध्यम में ऑनलाईन किया जाएगा। पहली छह किश्तें बालिका के माता-पिता अथवा अभिभावक के बैंक खाते में तथा 7वीं किश्त बालिका के बैंक खाते में ऑनलाईन हस्तांतरित की जाएगी।

पात्र चिकित्सा संस्थानों में संस्थागत प्रसव के तहत बालिका का जन्म होने पर पहली किश्त 2500 रुपए, आयु एक वर्ष एवं समस्त टीकाकरण होने पर दूसरी किश्त 2500 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में पहली कक्षा में प्रवेश लेने पर तीसरी किश्त 4000 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश लेने पर चौथी किश्त 5000 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में 10वीं कक्षा में प्रवेश लेने पर पांचवी किश्त 11,000 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में 12वीं कक्षा में प्रवेश लेने पर छठी किश्त 25,000 रुपए तथा राजकीय एवं राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 7वीं किश्त 1 लाख रूपए (राशि बालिका के बैंक खाते में ऑनलाईन ट्रांसफर होगी) मिलेगी। पहले सातवीं किश्त के रूप में 50 हजार रूपये देने का प्रावधान था जिसे मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने बढ़ाकर एक लाख रूपए कर दिया है। योजना की प्रथम दो किश्तों के बाद किसी चरण में किश्त का लाभ नहीं लिए जाने की स्थिति में तर्कसंगत कारण का उल्लेख करने पर पात्र बालिका को अगली किश्त का लाभ मिल सकेगा।

### योजना की पात्रता एवं प्रक्रिया

योजना के पात्रता के तहत बालिका का जन्म राजकीय चिकित्सा संस्थान अथवा जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाय) के लिए अधिस्वीकृत निजी चिकित्सा संस्थान में होना आवश्यक है। साथ ही, प्रसूता का राजस्थान की मूल निवासी होना भी जरूरी है। गर्भवती महिला की एएनसी जांच के दौरान राजस्थान की मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र अथवा विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र, बैंक खाते का विवरण आदि दस्तावेज प्राप्त कर उनका चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संधारण किया जाएगा और पीसीटीएस पोर्टल पर विवरण दर्ज किया जाएगा। संस्थागत प्रसव के तहत बालिका के जन्म के बाद प्रथम किश्त का लाभ बालिका की माता के बैंक खाते में देय होगा। माता की मृत्यु होने पर पिता के बैंक खाते में और माता-पिता दोनों नहीं रहे तो राशि का अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से ऑनलाईन हस्तांतरण होगा। प्रत्येक बालिका को जन्म के समय ही यूनिक आईडी अथवा पीसीटीएस आईडी नंबर चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दिया जाएगा। बालिका की आयु एक वर्ष पूर्ण होने एवं संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चत होने की ऑनलाईन जानकारी उपलब्ध होने के बाद चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दूसरी किश्त की राशि माता-पिता अथवा अभिभावक के खाते में ऑनलाईन ट्रांसफर की जाएगी। तीसरी किश्त से लेकर छठी किश्त का लाभ संबंधित राजकीय अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के माध्यम से दिया जाएगा जहां बालिका अध्ययनरत है। बालिका के माता-पिता से पूर्व की किश्तों की यूनिक यूनिक आईडी अथवा पीसीटीएस आईडी नंबर मांगा जाएगा। आईडी के माध्यम से पोर्टल पर बालिका का विवरण ट्रेक किया जाएगा।

योजना की अंतिम किश्त बालिका के स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं 21 वर्ष की आयु पूरी करने पर 1 लाख रूपये बालिका के खाते में सीधे हस्तांतरित किए जा सकेंगे। बालिका के स्नातक कक्षा में प्रवेश से लेकर स्नातक उत्तीर्ण करने से जुड़े दस्तावेज उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।

### योजना का पर्यवेक्षण एवं क्रियान्वयन

योजना का प्रशासनिक विभाग निदेशालय महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास होगा। प्रत्येक तीन माह में योजना की समीक्षा जिला स्तर पर संबंधित जिला कलक्टर द्वारा की जाएगी। योजना का पर्यवेक्षण व्ब्बेटी बचाओ-बेटी पढाओ' योजना की जिला टास्क फोर्स द्वारा किया जाएगा।

# त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परिसर में नवम पाटोत्सव मनाया धूमधाम से

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**
बांसवाड़ा के तलवाड़ा स्थित त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परिसर में पंचाल समाज 14 चोखरा एवं त्रिपुरा सुंदरी ट्रस्ट मंडल द्वारा नवम पाटोंत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। महामंत्री नटवरलाल पंचाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवम पाटोंत्सव कार्यक्रम के तहत प्रातः सभी समाज जनों का मंदिर परिसर में आगमन हो गया, प्रातः मां की आरती, पूजा-पाठ और अर्चना की गई। तत्पश्चात 10:00 बजे माता रानी को चांदी की पालकी में बिठाकर बैंड बाजो के साथ में मां त्रिपुरा के जयकारों के उद्घोष के साथ संपूर्ण समाज प्रसन्नचित मुद्रा में नगर भ्रमण कराया। मातृशक्ति ने लाल रंग की चुनरी एवं पुरुष वर्ग सफेद कुर्ता पायजामा पहने हुए शोभा यात्रा में मां के जयकारों के साथ गरबो की धुन के साथ नाचते गाते हुए नगर भ्रमण कराया। तत्पश्चात इस कार्यक्रम के मुख्य जजमान श्री कन्हैया लाल जी/मोहन जी पंचाल एवं परिवार पारसोला रहे, पंडित निकुंज मोहन पंड्या के आचार्यत्व में हवन का आगाज किया । पंडित निकुंज मोहन पंड्या ने बताया वर्तमान समय में देश में जो परिस्थितियों और हालात बने हुए हैं देश की सेवा के लिए और देश की रक्षा के लिए आहुतियां दी गई और माता रानी से प्रार्थना की गई कि देश सुरक्षित रहे और विदेशी आक्रामक ताकतों को परास्त कर सके। उक्त कार्यक्रम त्रिपुरा सुंदरी ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष धुलजी भाई पंचाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। हवन के पश्चात पूर्णाहुती हुई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संरक्षक मंडल के सदस्य प्रताप मुंगेड, कारीलाल माथुगामड़ा, कांतिलाल डूंगरा, अशोक बड़ोदिया, गंगाराम बिलोदा, अंबालाल बांसवाड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र डूंगरपुर,गिरीश, हीरालाल, विजेंद्र, जितेंद्र, भगवतीलाल, नारायणलाल, हरिओम, बलराम, हिन्दप्रकाश, घनश्याम, राजेश, प्रवीण, धीरेन्द्र, ललित, सुरेश, पंकज, चिराग, जागेश एवं समस्त केंद्रीय कार्यकारिणी समस्य केंद्रित कार्यकारिणी सदस्य समस्त चोखरा अध्यक्ष एवं समस्त प्रकोष्ठ के प्रभारी उपस्थित रहे हैं । उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय पंचाल डूंगरा छोटा द्वारा दी गई।

# सी.बी.एस.ई. परीक्षा परिणाम में द राजस्थान स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट परिणाम

**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)**
सी.बी.एस.ई. परीक्षा परिणाम में राजमार्ग स्थित द राजस्थान स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम शत् प्रतिशत होने के साथ-साथ उत्कृष्ठ व सराहनीय रहा है। प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुये बताया कि विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा परिणामों में हर वर्ष की भांति इस बार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वाणिज्य संकाय में अदिति अग्रवाल पुत्री कमलेश कुमार अग्रवाल, सहज पुत्र धर्मेन्द्र बंसल 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया व प्रियांशी पुत्री मनोज अग्रवाल 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व भूमिका पुत्री संजय कुमार मित्तल 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान व अंकित पुत्र रामनिवास वर्मा 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान पर रहे। कला वर्ग में छात्रा पूर्वा पुत्री सतीश राव ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व नंदित पुत्र रविन्द्र कुमार यादव ने 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं प्रिंस पुत्र सतवीर सिंह ने 89.8 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विज्ञान वर्ग में छात्रा प्रिया खंडेलवाल पुत्री पूरणमल गुप्ता ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 12 वीं के नतीजों के साथ ही जारी 10 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में भी विद्यार्थियों ने नये कीर्तिमान स्थापित किये है। छात्रा दृष्टि गौड़ पुत्री मोहन कुमार गौड़ ने सर्वाधिक 97.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा शिवि जांगिड़ पुत्री डॉ. राजेश जांगिड 96.4 व तेजस्वी चतुर्भुज पुत्री योगेश कुमार ने 94.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। केशिका पुत्री जयप्रकाश चौधरी 92.2 व लहर पुत्री रविन्द्र सिंह यादव 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं पंचम स्थान पर रहे। उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में अभिनंदन किया गया। निदेशक मधुर सिंह यादव ने कहा कि इस उपलब्धि के लिये विद्यार्थियों के साथ ही अभिभावक एवं शिक्षक भी बधाई के पात्र है। विद्यालय परिवार सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगामी सत्रों में हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अध्यापकगण पूरी निष्ठा के साथ पठन-पाठन करते हुए विद्यालय के परिणामों को और ऊंचाई तक ले जायेंगे।



# बूंदी ज़िले केशोरायपाटन सुनील मेघवाल संवाददाता युवक ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

मरुधर विशेष

**केशवरायपाटन** केशवरायपाटन थाना क्षेत्र के बंजारो की झोपड़िया में युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त करने का मामला सामने आया है। सीआई हंसराज मीणा ने बताया कि सोमवार शाम को बंजारो की झोपड़िया निवासी केसर सिंह बंजारा पुत्र हजारी लाल 28 वर्षीय युवक ने साड़ी से फांसी का फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली गई। पुलिस ने आज युवक का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया।

# बांसवाड़ा के चोखला गांव गौशाला में भेस ने विचित्र बच्चों को जन्म दिया जिसके दो मुंह तीन कान और चार आंखें

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** बांसवाड़ा के चोखला गांव में श्री रणछोड़ पाटीदार भारतीय किसान संघ के गौशाला में भेस ने विचित्र बच्चों को जन्म दिया जिसके दो मुंह तीन कान और चार आंखें जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय बहुत दृश्य पशु चिकित्सालय बांसवाड़ा के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया इस प्रकार के नवजात बच्चों के जन्म होने पर उनके स्वास लेने और खाना खाने की नली एक होने से इनका जीवन अल्पायु होता है

# खोहरी गांव में बाबा भौमिया का भंडारे का आयोजन भाजपा नेत्री अंजली यादव ने लगाई हाजिरी

मरुधर विशेष

**मुंडावर (रमेश चंद)** मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खोहरी में मंगलवार को आयोजित बाबा भोमिया के देसी घी के विशाल भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री डॉ. अंजली यादव ने शिरकत की।

डॉ. अंजली यादव ने सर्वप्रथम मंदिर पहुंचकर बाबा भोमिया के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके उपरांत उन्होंने उपस्थित बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त कर उनका हालचाल जाना।


भंडारे में क्षेत्रवासियों की भारी संख्या में उपस्थिति

रही। भक्ति संगीत कार्यक्रम में संजय पटेल, कंचन यादव एंड पार्टी ने भक्तिरस से वातावरण को भक्ति-भाव से सराबोर कर दिया।

डॉ. अंजली यादव ने अपने संबोधन में कहा कि "ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति की आत्मा हैं और समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।" उन्होंने आयोजन समिति और समस्त ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस मौके पर देशराज सरपंच, विजय यादव, हंसराज यादव, विक्रम यादव, सचिन पहलवान, अनूप रावत सहित खोहरी गांव के आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहें।

# बहतुकला थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान गोवंश से भरी पिकअप की जप्त

## गौतस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में हुए सफल

मरुधर विशेष




**कठूमर( दिनेश लेखी)।** बहतुकला थाना पुलिस ने सोमवार देर रात्रि को नाकाबंदी कर गोवंश से भरी पिकअप जप्त कर ली। ओर गौतस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। थानाधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि खेरली थाना पुलिस ने रात्रि दो बजे सूचना दी कि खेरली की ओर से भनोखर की ओर गोवंश से भरी पिकअप आ रही है। तो बहतुकला थाना पुलिस ने नाकाबंदी की। और नांगल रूपा गांव के पास दोनों तरफ पुलिस से घिरा देखकर गौतस्कर पिंक आप छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए। पुलिस ने पिंक अप का जायजा लिया तो उसमें एक नर व एक मादा गौवंश तथा दस लीटर कच्ची शराब मिली।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732